चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 75, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 12 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# जनहित के मुद्दे उठाने से रोक नहीं सकती सरकार : राहुल गांधी

**वायनाड/नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को एक जनसभा में कहा कि वह वायनाड और देश के मुद्दों को उठाते रहेंगे। सरकार उन्हें संसद जाने से रोक सकती है, लेकिन जनहित के मुद्दों को उठाने से नहीं रोक सकती है।

संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सांसद तो बस एक पद है। इसलिए भाजपा पद से हटा सकती है। घर ले सकती है और जेल में भी डाल सकती है, लेकिन इससे वह डरने वाले नहीं हैं। सभा को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी संबोधित किया। प्रियंका ने कहा कि राहुल को सच कहने और सवाल पूछने की सजा दी गई है। राहुल ने गौतम अडाणी के मद्दे पर सरकार से सवाल पूछा तो उन्हें संसद से बेदखल कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अडाणी को बचाने में लगी। एक व्यक्ति को बचाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता किया जा रहा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वायनाड क्षेत्र से सांसद रहे राहुल को गुजरात के सूरत कोर्ट ने मानहानि के एक मामले में दो वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके बाद लोकसभा सचिवालय ने नियमों का हवाला देते हुए 23 मार्च को संसद से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था।

**मैं अपने भाई के परिवार से बात करने आई हूं:**



राहुल से पहले, प्रियंका गांधी ने कहा- मैं यहां आकर खुश हूं। यह बहुत भावुक दौरा है जब मैं अपने भाई के साथ वायनाड आई हूं। कल मैं उनके घर से उसका फर्नीचर पैक कर रही थी। जब तक नई जगह नहीं मिल जाती वो मां के साथ रहेंगे। कुछ सालों पहले मैंने भी यही समय देखा, जब मुझे घर बदलना पड़ा था। मेरे बच्चों और पति ने मेरी मदद की, लेकिन मेरे भाई के न बच्चे हैं और न ही परिवार। मैं स्पीच देने में अच्छी नहीं हूं। इंग्लिश भी अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि वायनाड आपका परिवार है, उनसे अपने परिवार की तरह बात करना बस। तो आज मैं अपने भाई के परिवार से बात करने आई हूं। आपको पता है कि वो (राहुल) सच्चा आदमी है, जो बिना डर के सच बोलता है। लोग उसे चुप कराना चाहते हैं वो फिर भी बोलता है। आप जानते हैं कि वो हमेशा आपकी बात सुनता है आपसे बात करता है आपकी मदद के लिए खड़ा रहता है। आपने उसे चुना, लेकिन सूरत कनी एक कोर्ट ने उसे 2 साल की सजा सुना दी।

## पूरी सरकार एक शख्स को बचाने में लगीः प्रियंका

प्रियंका ने कहा- देश के मंत्री, सांसद और मंत्री एक नागरिक को परेशान कर रहे हैं, जो सवाल पूछ रहा है क्योंकि उनके पास राहुल के सवालों के जवाब नहीं है। पूरी सरकार एक शख्स को बचाने में लगी है जिसका नाम है गौतम अडाणी। मेरे भाई के साथ जो हुआ वो दिखाता है कि हमारे देश में किस तरह तानाशाही है। वो अपने बिजनेस मैन दोस्तों को बचाने में लगी है।

**मानहानि केसः राहुल को मिली है सजा**
सूरत की कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल को 2 साल कैद की सजा सुनाई थी। हालांकि 27 मिनट बाद ही उन्हें जमानत मिल गई। उन्होंने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। इसके बाद गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था।

## 'अरूणाचल भारत का अभिन्न अंग'

**नई दिल्ली। भारत** ने गृह मंत्री की अरुणाचल प्रदेश की हाल की यात्रा पर चीन की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा है कि इस तरह की आपत्ति करना तर्कसंगत नहीं है और इससे वास्तविकता नहीं बदलेगी। गृह मंत्री अमित शाह कल अरुणाचल में थे और वहां उन्होंने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरूआत की। यह कार्यक्रम सीमावर्ती गांवों में विकास से जुड़ा है। चीन ने उनकी इस यात्रा पर आपत्ति जताई थी। चीन अरुणाचल पर अपना दावा करता है। गृह मंत्री की अरुणाचल प्रदेश की हाल की यात्रा पर चीनी आधिकारिक प्रवक्ता की टिप्पणियों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हम चीनी आधिकारिक प्रवक्ता द्वारा की गई टिप्पणियों को पूरी तरह से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नेता नियमित रूप से अरुणाचल प्रदेश राज्य की यात्रा करते हैं जैसा कि वे भारत के किसी अन्य राज्य में करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और रहेगा।

## सच कहने की सजा भोग रहे हैं पूर्व राज्यपाल मलिक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सच कहने के चलते पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को पद से हटा दिया गया। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मलिक ने बीते दिनों 300 करोड़ की घूस से जुड़ा एक खुलासा किया है। इस खुलासे में उन्होंने आरएसएस से जुड़े एक व्यक्ति का नाम लिया है। ऐसे में मामले की जांच होनी चाहिए। जिससे सच सामने आए।

## 2024 में भाजपा 300 से ज्यादा सीटें जीतेगीः शाह

**डिब्रूगढ़ः असम** के डिब्रूगढ़ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा असम की 14 में से 12 सीटें जीतेगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश में भाजपा 300 से ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाएगी और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा डिब्रूगढ़ कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा संगठन के आधार पर चलने वाली पार्टी है और कार्यालय भाजपा की **सभी** गतिविधियों का केंद्र होता है। अभी नॉर्थ ईस्ट में 3 राज्यों के चुनाव हुए और तीनों राज्यों में भाजपा सरकार का हिस्सा है। नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्यों में ढट मोदी के नेतृत्व में ठउअ की सरकार है और इसी के कारण नॉर्थ ईस्ट का विकास हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी और कांग्रेस को भी अपने निशाने पर लिया। शाह ने कहा, राहुल बाबा अभी भी समझ जाओ। अभी तो पूर्वोत्तर के तीन राज्यों से सुपड़ा साफ हुआ है। अगर उसी रास्ते पर चलते रहोगे, तो पूरे देश से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा। इतना ही नहीं शाह ने मोदी को गाली देने को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर भी तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा, कांग्रेस वाले कहते हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी। भाई, आपके कहने से कुछ नहीं होता। देश की 130 करोड़ जनता दिन-रात मोदी जी की लंबी उम्र की प्रार्थना कर रही है। मोदी को गाली निकालो। आपकी माता जी ने भी यह करके देख लिया, राहुल बाबा। जितनी गाली निकालोगे, कमल उतना खिलेगा। गृह मंत्री अमित शाह यहां भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री ने कहा, एक जमाने में पूर्वोत्तर को कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। अब राहुल बाबा ने देश की यात्रा की। उसके बाद पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव आए। कांग्रेस का यहां से सूपड़ा साफ हो गया। अब कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं देती। वे विदेश जाते हैं। विदेश जाकर देश की बुराई करते हैं। राहुल बाबा अभी भी समझ जाओ। पूर्वोत्तर से सूपड़ा साफ हो गया। अगर इसी रास्ते पर चलते रहे, तो पूरे देश से सूपड़ा साफ हो जाएगा।



## गहलोत सरकार के खिलाफ अनशन पर बैठे पायलट

### सचिन पायलट ने अनशन और मौनव्रत, बिना बोले दिए पांच बड़े संदेश; चिंता में कांग्रेस आलाकमान

**जयपुरः** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पिछली बीजेपी की वसुंधरा राजे सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचार की जांच की मांग पर अनशन पर बैठे। एआईसीसी प्रभारी की ओर से उनके इस कदम को पार्टी विरोधी करार दिए जाने पर स्ट्रेटेजी में बदलाव कर बैनर,पोस्टर पर सिर्फ महात्मा गांधी का चित्र और वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनशन का नारा दिया गया। कांग्रेस हाईकमान, गांधी परिवार और पंजे के निशान को भी पायलट ने अपने बैनर में जगह नहीं दी। देशभक्ति गीतों पर अनशन के दौरान पायलट ने मौन व्रत भी धारण कर लिया और मीडिया के सवालों से बच गए। जबकि सचिन पायलट ने प्रेसवार्ता में खुलकर कई गम्भीर आरोप अपनी ही कांग्रेस पार्टी की गहलोत सरकार पर लगाए थे। इस अनशन और मौन व्रत के जरिए पायलट ने एक साथ कई मैसेज प्रदेश की जनता, कांग्रेस पार्टी और अन्य सियासी दलों में भी दे दिए हैं।




**बैनर-स्लोगन में गांधीवादी और वसुंधरा विरोधी मैसेजः** सचिन पायलट ने शहीद स्मारक पर धरने का जो मंच लगवाया। उसके बैकग्राउंड में लगे बैनर में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी का चित्र और वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनशन का स्लोगन लिखवाया। गहलोत सरकार के खिलाफ अनशन की बात नहीं लिखी गई। ये पार्टी में रहकर विरोध जाने की उनकी स्ट्रेटेजी है। इसके जरिए पायलट ने गांधीवादी कहे जाने वाले सीएम गहलोत को सीधी चुनौती देते हुए यह बताने की कोशिश की है, कि गांधीवादी अनशन तो पायलट खुद कर रहे हैं। दूसरा- पिछली वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध यह अनशन है, इसलिए कांग्रेस सरकार इसकी जांच करवाकर दोषियों को सजा दिलाए, यही मुख्य मांग है।

## 3.94 करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 3.94 करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 3.11 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने नामांकन किया और पोषण ट्रैकर के तहत लगभग 10 करोड़ लाभार्थी पंजीकृत किए जा चुके हैं। 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

## आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया




**नई दिल्लीः अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.1 प्रतिशत से घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया। हालांकि इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ ने अपने वार्षिक विश्व आर्थिक परिदृश्य में वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) के लिए पूवार्नुमान को इस साल जनवरी के 6.8 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर 5.9 प्रतिशत रही जो उससे पिछले वर्ष 6.8 प्रतिशत थी।

**जीडीपी पर आईएमएफ के ताजा अनुमान रिजर्व बैंक के अनुमानों से कमः** भारत की वृद्धि दर के संबंध में आईएमएफ के ताजा अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक अनुमानों से कम हैं। आरबीआई के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर सात प्रतिशत रहेगी जबकि एक अप्रैल से शुरू हुए चालू वित्तीय वर्ष में विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। बता दें कि सरकार ने अभी तक 2022-23 के लिए पूरे साल के जीडीपी आंकड़े जारी नहीं किए हैं। विश्व आर्थिक परिदृश्य के आंकड़ों से पता चलता है कि विकास दर के अनुमान 2022 के 6.8 प्रतिशत की तुलना में गिरकर 5.9 प्रतिशत होने के बावजूद भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

## 'अमृतपाल तुम कानून से छिप नहीं सकते'



**चंडीगढ़ः18 मार्च** से फरार चल रहा खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। उसके खास साथी पपलप्रीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है। उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा जा रहा है। इस बीच पंजाब पुलिस ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। पुलिस ने अमृतपाल को सख्त शब्दों में संदेश दिया है कि तुम भाग सकते हो लेकिन कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते। पंजाब पुलिस के वीडियो में अमृतपाल की कुछ फोटो हैं। यह वही फोटो हैं... जो उसकी फरारी के दौरान वायरल हुई थीं। एक सीसीटीवी फुटेज को भी वीडियो में दिखाया गया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी : ब्रजेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । कोविड के मामलों में बढ़ोत्तरी को देखते हुए किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोविड-19 के मामले बढ़े हैं किन्तु इससे घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जिन रोगियों में कोरोना की पुष्टि हुई है उनमें लक्षण सामान्य हैं और उनकी रिकवरी दर भी सही है फिर भी हमें हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना होगा जिससे जरूरत पड़ने पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दी जा सके। श्री पाठक प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को लखनऊ के लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) के चतुर्थ तल स्थित सभागार से प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों/चिकित्सा अधिकारियों को वर्चुअली निर्देशित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ह्यह्यउत्तर प्रदेश स्वास्थ्य केन्द्रह्लह्ल ऐप को भी लांच किया। इस ऐप से प्रदेश के किसी भी सवास्थ्य केन्द्र की स्थिति और सुविधाओं को जाना जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड जांच हेतु सभी लैब को सक्रिय कर लिया जाये, जहां कोविड के अधिक मामले आ रहे हैं वहां सर्विलांस को बढ़ाते हुए अधिक से अधिक सैम्पल एकत्रित किये जाये।

जनपदों के निजी तथा सरकारी लैब में प्राप्त हो रहे कोविड पॉजीटिव सैम्पल को जिनोम सिक्वेसिंग के लिए केजीएमयू के माइक्रोबायोलाजी लैब में भिजवाना सुनिश्चित किया जाय। जिन लोगों में कोविड के लक्षण नहीं दिख रहे उन्हें इस बात के लिए सचेत किया जाय कि यदि उनमें कोई लक्षण उत्पन्न हो तो वे तत्काल इन्ट्रीगेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर को सूचित करें।



### पंजाब, हरियाणा, चंढ़ीगढ़ व राजस्थान के किसानों को होगा लाभ

## गेहूं खरीद के मापदंडों में सरकार ने दी ढील

**नई दिल्लीः** केंद्र ने पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान में गेहूं की खरीद के लिए गुणवत्ता मानदंडों में ढील दी है ताकि संकटग्रस्त बिक्री को रोका जा सके और साथ ही किसानों के हितों की रक्षा की जा सके। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने इन राज्यों के कुछ हिस्सों में कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है। इन राज्य सरकारों ने खरीद मानदंडों में ढील देने की मांग की थी। वर्तमान में, मध्य प्रदेश में गेहूं की खरीद चल रही है, जबकि अन्य राज्यों में असामयिक बारिश के कारण इसमें देरी हुई है। राज्य के स्वामित्व वाली भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर गेहूं की खरीद करती है।



**फील्ड सर्वे के बाद सरकार ने लिया फैसलाः** केंद्रीय खाद्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव सुबोध कुमार सिंह ने कहा, 'फील्ड सर्वे के बाद हमने पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान में गेहूं की खरीद के लिए गुणवत्ता मानदंडों में ढील दी है ताकि किसानों की कठिनाई को कम किया जा सके और गेहूं की बिक्री में होने वाली परेशानी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने समान विनिदेर्शों के तहत 6 प्रतिशत की मौजूदा सीमा के मुकाबले सिकुड़े हुए और टूटे हुए अनाज की सीमा में 18 प्रतिशत तक की ढील दी है। उन्होंने कहा कि छह प्रतिशत तक सिकुड़े और टूटे हुए अनाज वाले गेहूं के मूल्य में कोई कटौती लागू नहीं होगी। मूल्य कटौती 10 प्रतिशत तक चमक हानि वाले

## कर्नाटक के सहकारी बैंकों पर आयकर छापा

### एक हजार करोड़ रुपये के फर्जी खर्च का खुलासा

**नई दिल्ली। आयकर** विभाग ने कर्नाटक के कुछ सहकारी बैंकों पर छापा मारकर एक हजार करोड़ रुपये के फर्जी खर्च और कथित वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया है। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि आयकर विभाग ने कर्नाटक के कुछ सहकारी बैंकों के 16 परिसरों में 31 मार्च को तलाशी की कार्रवाई की थी। विभाग को इस कार्रवाई में एक हजार करोड़ रुपये के फर्जी खर्च और कथित वित्तीय अनियमितताओं का पता चला है। आयकर विभाग ने तलाशी अभियान के दौरान 3.3 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और दो करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए हैं।



## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार के पिता के निधन पर व्यक्त किया गया शोक

**नैनी।** डांडी ग्राम सभा में ग्रामीणों को एक शोकसभा हिंदी विद्यापीठ प्रयाग राजर्शी पुरुषोत्तम दास टंडन इंटरमीडिएट कॉलेज महेवा विद्यापीठ के संयुक्त मंत्री भगवत कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार संजय कुशवाहा के पिता समाजसेवी राजाराम कुशवाहा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया एवं उनकी मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई शोक सभा में राजेंद्र प्रकाश कुशवाहा रामेश्वर कुशवाहा विनय कुशवाहा ओमप्रकाश मनीष मिश्र बृजमोहन कुशवाहा शत्रुघन यादव विमलेश सिंह विनायक नंदलाल मनोज कुशवाहा नरेश चंद घनश्याम यादव विमलेश कमलेश पाल आदि उपस्थित रहे।

### मऊआइमा नगर पंचायत उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए पांच और सदस्यों के लिए पन्द्रह पर्चों का सेट मंगलवार को बिका।सोरांव तहसील में बने चुनाव कार्यालय में पर्चों की खरीदारी और नामांकन किया जाएगा।

## महात्मा ज्योतिबाराव फूले की धूमधाम से मनाई गई जयंती

### भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा प्रयागराज महानगर गंगापार एवं जमुना पार के संयुक्त नेतृत्व में नैनी में आयोजित की गई गोष्ठी





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नारी शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान हेतु आजीवन संकल्पबद्ध, महान विचारक एवं समाजसेवी महात्मा ज्योतिबाराव गोविंदराव फूले जी की जयंती के अवसर पर आज भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा प्रयागराज महानगर ,गंगापार, जमुनापार के संयुक्त नेतृत्व में नैनी स्थित सांई गेस्ट हाउस में एक गोष्टी का आयोजन किया गया,जहां मुख्यअतिथि के रूप पूर्व मंत्री व प्रदेश भाजपा मंत्री विधायक सुरेश पासी ने कहा महात्मा जी का सम्पूर्ण जीवन पिछड़े दबे कुचले लोगो का जीवन स्तर ऊपर उठाने व शिक्षा पर जोर देने में ही बीता , महानगर अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने उनका अंगवस्त्र मोमेंटो देकर स्वागत करते हुए कहा महात्मा जी ने आजजीवन महिला शिक्षा पर बहुत जोर दिये उन्होंने कहा शिक्षा के बिना कोई समाज प्रगति नही कर सकता महिला शिक्षित होगी तो परिवार के साथ समाज भी शिक्षित होगा,गोष्टी में विशिष्ट अतिथि के रूप में जमुनापार के प्रभारी ओमकार केशरी ने कहा किसी भी समाज के लिये शिक्षा से बढ़कर तरक्की का कोई रास्ता नही है शिक्षित होकर हम किसी भी उच्च पद पर आसीन हो सकते हैं सांसद रीता जोशी ने कहा महिला को शिक्षित करने का कोई श्रेय अगर किसी को जाता है तो महात्मा ज्योतिबाराव फुले जी है,विधायक राजमणि कोल, पीयूष निषाद, वाचस्पति, जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी पटेल, सुभाष पटेल , ईश्वर चन्द्र बिंद व महानगर से गये सतीश प्रजापति, पंकज मौर्य, दिनेश सिंह, हिमांशु साहू,घनश्याम सुशील निषाद आदि सभी कार्यकताओं के साथ उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

### माण्डा के बेटे आरव ने रचा इतिहास



**मेजा रोड।** जय शंकर शुक्ल के पुत्र आरव शुक्ला ग्राम दिघिया तहसील मेजा जिला प्रयागराज ने देहरादून के द दून स्कूल में दाखिला सुनिश्चित कर इतिहास रच दिया है। पिछले साल नवंबर महीने के दौरान आरव द दून स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित हुए, लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने प्रवेश के लिए पात्र होने के लिए साक्षात्कार में भी योग्यता प्राप्त की। यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि द दून स्कूल देश का सर्वोच्च बोर्डिंग स्कूल है। द दून स्कूल में प्रवेश के लिए दुनिया भर से छात्र परीक्षा देते हैं, छात्र हजारों की संख्या में परीक्षा देते हैं लेकिन हर साल केवल 60 छात्रों को ही लिया जाता है। द दून स्कूल देहरादून से पढ़ाई करने वाली कुछ प्रसिद्ध हस्तियों में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, यूपी सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, वर्तमान ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, पूर्व केंद्रीय मंत्री कमल नाथ, इंडिया टुडे ग्रुप के मालिक अरुण पुरी, एनडीटीवी के मालिक प्रणव रॉय, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह।



## क्षेत्रीय अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के काशी क्षेत्र के नव नियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल का प्रयागराज में प्रथम आगमन पर हनुमान गंज बाजार में सोमवार को भाजपा के गंगापार जिला अध्यक्ष अश्विनी दूबे की अध्यक्षता में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा 51 किलो की माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी ने प्रभु श्री राम का मोमेंटो भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। स्वागत करने वालो में भाजपा नेता अमरनाथ यादव, जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा गंगापार रमेश कुमार द्विवेदी, जिला महामंत्री मनोज निषाद सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। ईसी कड़ी में भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष एवं भाजपा गंगापार के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में बहादुरपुर ब्लॉक के समीप क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र सिंह यादव डब्बू , अमन सिंह राजपूत, संजय सिंह आर्मी, जितेन्द्र पटेल, राजेंद्र यादव, अंकित राज सहित भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बेकाबू होकर चबूतरे से भिड़ी युवक की बाइक, मौत



अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** सोमवार की देर रात एक बाइक बेकाबू होकर चबूतरे से भिड़ गई । जिससे बाइक सवार युवक को गहरी चोट लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालापुर थाना क्षेत्र के ओठघी गांव निवासी प्रलय नाथ गोस्वामी (32) अपनी बाइक से सोमवार की देर रात लौट रहा था । उसकी बाइक लालापुर के दक्खिनी माता के चबूतरे के पास पहुंची थी अचानक बाइक बेकाबू हो गई और चबूतरे से भिड़ गई । जिससे प्रलय नाथ को गहरी चोट आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । घटना के सूचना परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया।

### युवक ने लगाई फांसी हुई मौत, दो भाई एक बहन में बड़ा था मृतक शुभम



**कोराव।** थाना कोरांव के ग्राम देवघाट तिराहे और स्थित शुभम केसरी पुत्र दीपचंद केसरी बीस वर्ष बीती रात फांसी का फंदा लगा कर आत्म हत्या कर लिया। सुबह मां आशा केसरी चाय बना कर छत पर देने पहुंची तो कमरा बंद मिला। और जब खिड़की से झांकी तो पंखे से लटका मिला। मृतक शुभम घर का बड़ा लड़का और सभी में मिलन सार था। मृत पूर्व किसी ने उसे और उसके परिवार को धमकियां दी थी जिससे वह कुछ डिप्रेशन में था। बीती रात्रि 10/11 अप्रैल की रात्रि खाना पीना खा कर शो गया। किंतु सुबह कुछ और दृढ़ देखने को मिला। उसके पास रखे मोबाइल से भी कुछ रहस्य खुल सकता है। मृतक शुभम का एक भाई शिवम केसरी 18 वर्ध इलाहाबाद में रह कर पढ़ाई करता है। इकलौती बहन गुड़िया 17 वर्ष पढ़ाई करती है। इसी साल उसकी शादी की तैयारी भी हो रही थी। मृतक के माता पिता बहन भाइयों रिश्तेदारों का तो तो रो कर बुरा हाल था।मौके पर पहुंचे इलाका सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह ने लाश को कब्जे में ले कर पोस्ट मार्टम के लिए वाद दर्ज कर भेज दिया।

### वांछित दुष्कर्मी को पकड़ कर भेजा जेल

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत दिनों दलित किशोरी को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को मंगलवार के दिन पुलिस टीम ने पकड़कर जेल भेजा है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। लालापुर थाना क्षेत्र पंडुआ गांव में पिछले दिनों गांव की ही एक दलित किशोरी को गांव का युवक रवि कुमार प्रजापति पुत्र झल्लू प्रजापति द्वारा बहला फुसला कर अगवा कर-के किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था। उक्त मामले में पीड़िता की ओर से उपरोक्त आरोपी के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म के साथ पॉक्सो सहित एससीएसटी की धारा में केस दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार था। जिसे मंगलवार के दिन पुलिस टीम ने प्रतापपुर चौराहे के पास से पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया।

### इंसानियत आज भी जिंदा है...

## मानवता की मिशाल बनी देवदूत बानर सेना

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के मानपुर गांव के निवासी संतोष सिंह खेती का काम करते हैं इनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है इसी बीच इनकी छोटी बेटी भूमिका जो की वाराणसी मे एक प्राइवेट कम्पनी मे जॉब करती थी उसकी दोनों किडनी खराब हो गयी किडनी ट्रांसप्लांट के लिए लगभग 13 लाख रुपए का खर्च संजय गाँधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एस जी पी जी आई ) के डाक्टरों द्वारा बताया गया। जिसकी भरपाई करना परिवार के लिए बहुत कठिन था क्योंकि भूमिका के पिता किसान हैं,माता गृहणी, बड़ा भाई हिमालय सिंह प्रयागराज मे प्राइवेट जॉब करता है, स्थितियां ऐसी बन गयी की बेटी का इलाज संतोष सिंह को असंभव लगने लगा लेकिन जब यह जानकारी वानर सेना के संस्थापक अजित सिंह को हुई तो उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से भावुक अपील की और कहा की जिस घर से बेटी की डोली उठनी चाहिए थी उस घर से हम सब के रहते अर्थी उठने की नौबत नही आनी चाहिए और उन्होंने कहा की सबसे मांगो जिसके पास जितना है उसी से बेटी भूमिका की मदद करो पैसा नही तो गेहूं ही सही जिसके पास जितना हो उतना ही मदद करे देखते ही देखते देवदूतो ने बीस रुपए से लेकर बीस हजार तक देना शुरू किया और आंकड़ा दस लाख के पार पहुंच गया मानपुर और आस पास के



युवाओं ने भी बढ़ चढ़ कर मदद किया और लोगों से मदद माँगा भी। अजित सिंह की भावुक अपील ने एक गरीब बाप की बेटी को नयी जिंदगी की ओर अग्रसर कर दिया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष वंदना सिंह तथा भाजपा जिला प्रतनिधि शंकर लाल पाण्डेय, मंडल महामंत्री शैलेन्द्र पाण्डेय मण्डल अध्यक्ष किमो. अंकुश पाण्डेय के सहयोग से बारा विधायक वाचस्पति द्वारा मुख्यमंत्री कोष से भी राशि निर्गत करवाकर मदद करवाने का कार्य किया जा रहा है। मदद मे अनूप सिंह परिहार,पीसीएस अधिकारी प्रदीप सिंह, राजबीर सिंह, विजय बहादुर सिंह, कप्तान सिंह ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

### नहीं थी जमीन, वापस हो गया आवास का बजट

#### कोरांव के आदिवासी महिलाओं ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**प्रयागराज।** कोरांव के कोंदी नई बस्ती के रहने वाले आदिवासियों को आवास के लिए बजट तो दे दिया गया लेकिन इन आदिवासियों के पास जमीन ही नहीं है जो आवास बनवा सकें। कुछ आदिवासी परिवारों को बजट की पहली किश्त भी मिल गई लेकिन वह जमीन न होने से वह निर्माण नहीं करा सके। इसका परिणाम यह हुआ कि बजट वापस चला गया। अब वह अधिकारियों का चक्कर लगा रहे हैं कि उन्हें गांव में खाली पड़ी ग्राम सभा की जमीन उनके नाम पट्टा कर दिया जाए ताकि उनका आवास बन सके।मंगलवार को 50 से ज्यादा महिलाएं जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंची थी लेकिन निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने की वजह से वह जिलाधिकारी से नहीं मिल सकीं। डीएम कार्यालय पहुंची रन्नो देवी बताती हैं कोंदी गांव में वह परिवार के साथ 40 साल से रह रही है। लेकिन उनके पास जमीन नहीं है कि वह उस पर सरकार से मिले आवास को बनवा सकें। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है।

## अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो कि दर पे सुदामा गरीब आ गया है...



**प्रतापपुर।** श्रीमद्भागवत कथा समापन दिवस पर मंगलवार को कथावाचक भागवताचार्य धनंजय कुमार द्विवेदी महाराज से सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनकर श्रोता भक्ति भाव में डूब गए। जमुआ गांव में यजमान पंडित पारसनाथ त्रिपाठी, शशि त्रिपाठी के निवास पर आयोजित संगीतमय कथा में महाराज ने सुदामा चरित्र वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि द्वारपाल ने द्वारिकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है वह अपना नाम सुदामा बता रहा है यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए।बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए अपने सिंहासन पर बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उनके पांव पखारे सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया। दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता राजा हो या रंक मित्रता में सभी समान है। इसमें कोई भेदभाव नहीं होता कथावाचक ने सुदामा चरित्र के अलावा राजा परीक्षित के मोक्ष व कई अन्य भावपूर्ण कथाओं का भी वर्णन किया।कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर हरिहर नाथ त्रिपाठी, सरोजिनी त्रिपाठी, संजय त्रिपाठी, रीता त्रिपाठी, अभिनव त्रिपाठी, रूबी त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी साधना त्रिपाठी, अविनाश त्रिपाठी, पुनीता त्रिपाठी एवं समस्त सहयोगी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर रोक कर दबंगो ने युवक को किया लहुलुहान, मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में दबंगों ने ट्रैक्टर रोक कर एक युवक को मार पीट कर लहूलुहान कर दिए। घायल यूवक की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बांकाजलालपुर गांव निवासी उबैद अख्तर पुत्र स्वर्गीय आशिक के मुताबिक उसके मौसी का लडका अब्दुल मुत्तलिब ट्रेक्टर में तेल भराने ब्लाक स्थित पेट्रोल पंप पर गया था। जब वापस आ रहा था तो बाइकों से आए क्षेत्र के नामी दबंग़ों ने उसके मौसी के लडके अब्दुल मुत्तलिब को बुरी तरह मारे पीटे लहूलुहान कर दिए और हत्या करने की धमकी भी दिए। उबैद अख्तर का आरोप है कि जब उसे पता चला तो वह बाइक से जा रहा था तो दबंग़ों ने उसे फोन पर गालियां दी। घायल अब्दुल मुत्तलिब को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उबैद अख्तर ने मऊआइमा थाने में ग्राम छीतेमऊ निवासी मोहम्मद तबसीर पुत्र अजीज, मोहम्मद तनवीर पुत्र हजरत अली, मोहम्मद तौफीक आहमद पुत्र इरशाद, बजहुल कमर उर्फ बबन पुत्र शमसुल कमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उबैद अख्तर का आरोप है कि उक्त मुलजिमान अपराधी प्रवृत्ति के हैं। इसके पूर्व कई लोगो को मार पीट चुके हैं। जिससे इनका हौसला बढा हुआ है।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार पीट की तोड़फोड मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के पिलखुआ गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए।और जम कर चले लाठी डंडो में कई जख्मी हुए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों मामलों में एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा इलाके के पिलखुआं गांव निवासी मुनौवर अली पुत्र पीर मोहम्मद के मुताबिक जमीनी विवाद को लेकर उनके विपक्षी घर में घुस कर लाठी डंडो से मारे पीटे और तोफ फोड किए। तथा मेरे पुत्र कलीम, पिता पीर मोहम्मद, सलीम, पत्नी इमामुनि नाशां को चोटें आयी है। पुलिस ने मुनौवर अली की तहरीर पर नफीस आहम, सेबू उर्फ अतीक, मोहम्मद नफीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि दूसरे पक्ष के मोहम्मद नफीस पुत्र सलीम ने भी घर में घुस कर मारने पीटने तोफ फोड का आरोप लगाते हुए मुनौवर, कलीम, रहमत, बरकत, निसार, नरही, रमनही तथा मुनौवर की पत्नी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल करने मेंजुट गई है।

### रास्ते के विवाद में जमकर मारपीट पीड़िता ने दिया तहरीर

**सोरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जुड़ापुर दांदू गांव में सोमवार दोपहर में रास्ते के विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई।मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने हकीकत जानने के लिए गांव पहुंची तो विपक्षी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार जुड़ापुर दादू निवासिनी विधवा महिला राजकुमारी पत्नी स्वर्गीय रोशन लाल पटेल का आरोप है कि सोमवार दोपहर में मेरा पुत्र रविंद्र कुमार पटेल अपने निमार्णाधीन मकान की तरफ जा रहा था। आरोप है कि गांव के ही विपक्षी सूरज पटेल व सतीश पटेल पुत्रगण रामप्रकाश व मनीषा देवी पत्नी राम प्रकाश ने रास्ता जाने को लेकर विरोध करने लगे। और गाली गलौज देने लगे मामले में रविंद्र कुमार पटेल ने गाली न देने की बात कही तो उक्त विपक्षी गणों ने एक राय होकर, लाठी-डंडे से लैस पूर्व योजना के तहत पीड़िता के पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिए। इतना ही नहीं बगल में निमार्णाधीन मकान में मारते हुए ले गए और जमकर पिटाई कर दिए। चीख-पुकार पर राजकुमारी पहुंची तो विपक्षियों ने इनको भी 5 फीट की ऊंचाई से जमीन पर गिरा दिया। जिससे उनके कमर, पैर व सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मामले को लेकर पीड़िता मंगलवार को सोरांव थाने में लिखित तहरीर दिया। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से तहरीर लेकर गांव पहुंची और विपक्षियों की खोजबीन करने लगी। लेकिन दबंग विपक्षियों ने पुलिस को भी चकमा देकर भाग गए तथा विपक्षी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मामले में पीड़िता व पीड़िता का पुत्र बहुत डरे सहमे है।

### तहसील बारा से मूल पत्रावली है गायब! भूख हड़ताल पर बैठा अंकुश



**बारा/लालापुर।** तहसील मुख्यालय पर सोमवार सुबह से ग्राम सभा ओसा निवासी किसान अंकुश शुक्ला पुत्र आलोक कुमार शुक्ला ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है।किसान अंकुश ने तहसील प्रशासन पर लापरवाही एवं अन्यायपूर्ण रवैये से काम करने का आरोप लगाया है।किसान अंकुश ने बताया कि लगभग 11 महीने तक तहसील कार्यालय का चक्कर लगाते-लगाते थक-हारने के बाद मजबूरन यह कदम उठाया है।आरोप है कि नायब तहसीलदार बारा के कार्यालय से उसके मामले में 6 फरवरी 2022 को पारित अंतिम आदेश की मूलप्रति को गायब कर दिया गया है।इसी मुकदमे की पैरवी करते हुए इनके पिता की हृदयाघात से मृत्यु हो गई थी।पत्रावली में अंतिम आदेश दर्ज न होने से विपक्षीयों ने उसे बेचना शुरू कर दिया है।पीड़ित किसान ने बताया कि वह लगभग 11 महीने से तहसील के चक्कर काट रहा है लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला है,और विवादित जमीन को बेच दिया गया है।पीड़ित ने उपजिलाधिकारी बारा को आमरण अनशन करने की जानकारी 6 अप्रैल को ही दे दिया था।इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी अब्दुल्लाह सूदन ने बताया कि शिकायत मिली थी, तहसीलदार बारा को इसके निराकरण के लिए कहा गया है।

## संचारी रोग पर जीजीआईसी में कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रति जागरूकता के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मुंगारी में प्रधानाचार्या ज्योत्सना सिंह के निर्देशन में समस्त अध्यापक और छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान ज्योत्सना सिंह ने कहा कि बीमारी फैलने से पहले यदि बचाव के उपाय कर लिया जाय तो इससे होने वाली जन और धन की हानि से आसानी से बचा जा सकता है। लोगो को जानकारी देकर हम जिम्मेदार नागरिक का फर्ज अदा कर सकते है। इस कार्यक्रम के दौरान अंताक्षरी प्रतियोगिता एक आयोजन किया गया। जिसमे दैनिक जीवन में संचारी रोगों के कारण और निवारण और बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इसके बाद सामूहिक गायन के जरिए समाज में जागरूकता फैलाने का प्रण लिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ज्योत्सना सिंह, रीता सिंह, शमा फरजाना,सीमा श्रीवास्तव सहित छात्राएं उपस्थित थी।

## मतदाता सम्मेलन : ब्राह्मणों को एक मंच पर लाने की तैयारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के तत्वाधान में आज मंगलवार को सारस्वत पैलेस में विप्र समाज का ह्लप्रभावी मतदाता सम्मेलनह्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को आना था लेकिन वह किसी कारणवश नहीं आ सके फिर भी वर्चुअल तरीके से वह इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में विप्र यानी ब्राह्मण समाज की भूमिका अग्रणी रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और भारतीय संस्कृति का परचम पूरे विश्व में लहरा रहा है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर गरीबों को उनका हक दिला रही है। उत्तर प्रदेश में गुंडों को और माफियाओं को ध्वस्त करने का काम योगी सरकार में हो रहा है।

**मेयर से लेकर पार्षद तक भाजपा को जीताना है :** ब्रजेश पाठक ने कहा कि बीजेपी को विप्र समाज मां भारती की पार्टी मानती है इसलिए हमारी जिम्मेदारी है आगामी निकाय के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हारने ना पाए और हर वार्ड और मेयर जीत कर पूरे भारत में भारतीय जनता पार्टी के विजय का शंखनाद कर दें क्योंकि यहां से निकली आवाज पूरे देशवासियों की आवाज होती है। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विप्र समाज की शान है और इस शान को हमें बरकरार रखना है। आगामी आने वाले नगर निकाय के चुनाव में सपा, बसपा व कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा और भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलेगा। कार्यक्रम संयोजक विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने आए हुए लोगों को भगवान परशुराम का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया ।

यह भी रहे उपस्थित : निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, रंजना वाजपेई, राकेश शुक्ला, कुंज बिहारी मिश्रा, राजेश केसरवानी, उमेश द्विवेदी, कविता यादव त्रिपाठी, राजेंद्र मिश्रा, रतन दीक्षित, डॉ. एलएस ओझा, गिरजेश मिश्रा, राजू पाठक, राजन शुक्ला, भोला तिवारी, अनिल भट्ट, ज्ञानेंद्र मिश्रा, विजय श्रीवास्तव एवं विप्र समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मी के बेटे को जेल बमबाज फरार

**झूंसी।** भाजपा नेत्री के बेटे पर बम से हमला करने के आरोपी सिपाही के बेटे शिवम यादव को मंगलवार को झूंसी पुलिस ने जेल भेज दिया। वही बमबाजी करने वाले युवकों को पकड़ना तो दूर घटना के हफ्ते भर बाद भी पुलिस पता तक नही लगा पाई। बीते गुरुवार की रात आवास विकास कालोनी योजना 3 झूंसी में भाजपा नेत्री सहसो थानापुर की प्रधान विजय लक्ष्मी चंदेल के बेटे विधान सिंह की सफारी गाड़ी पर बाइक सवार चार युवकों ने दो बम मारे थे गनीमत रही कि गाड़ी ने सवार विधान सिंह बाल-बाल बच गया। मामले में विधान सिंह ने हवेलिया गंगादीप कालोनी में रहने वाले दिवान के बेटे शिवम यादव को नामजद किया था। शिवम यादव के पिता शिवबचन यादव यूपी पुलिस में सिपाही है उन्होंने बताया कि उनके बेटे को फसाया गया है वारदात के वक्त शिवम अपनी बहन को लेकर शहर के एक अस्पताल में गया हुआ था जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दी है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बनाये गये नामांकन कक्षों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए बनाये गये नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम आपूर्ति, सीआरओ, नगर मजिस्टेट कक्ष, एसीएम-2, चकबंदी कार्यालय, एसओसी, एसडीएम सदर, तहसीलदार कक्ष, एएसडीएम आदि कक्षों में बनाये गये नामांकन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक नामांकन कक्ष में नामांकन सामाग्री की उपलब्धता, सीसीटीवी कैमरा की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता, वीडियोग्राफी, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, पीने के पानी, घड़ी आदि की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक नामांकन कक्ष में कम्प्यूटर आपरेटर की व्यवस्था किए जाने हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक नामांकन कक्ष में ड्यूटी पर लगाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की तथा एडीएम आपूर्ति को अनुपस्थित अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी ड्यूटी से अनुपस्थित न रहें। जिलाधिकारी ने प्रत्येक नामांकन कक्ष में नो ड्यूज तथा कितने लोगो के द्वारा नामांकन पत्र लिया गया है,

### नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन

की जानकारी सम्बंधित अधिकारियों से प्राप्त की। जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्ष के सामने लगायी गयी बैरिकेटिंग का निरीक्षण किया तथा कहीं-कहीं पर बैरिकेटिंग सही से न लगाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एडीएम सिटी को बैरिकेटिंग सही कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक नामांकन कक्ष में आने-जाने के रास्ते का निरीक्षण एवं वहां पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने एवं बिना जांच के कोई भी व्यक्ति नामांकन कक्ष में न जाने पाये, के निर्देश दिए है। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने आनंद चैराहा, कचहरी चैराहा तथा लक्ष्मी चैराहा का भ्रमण कर वहां पर यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर तैनात पुलिस अधिकारियों को यातायात की समुचित व्यवस्था करने तथा निर्धारित क्षेत्र में कोई भी चार पहिया वाहन न आने पाये, की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आनंद चैराहें व लक्ष्मी चैराहें के बीच की कनेक्टिंग मार्गों की भी बैरिकेटिंग कराने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, नगर मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सपा, बसपा और कांग्रेस वंशवाद की पार्टियां: स्वतंत्रदेव सिंह

## मतदाता प्रभावी सम्मेलन में टिकट की दावेदारी करने वाले पार्षद प्रत्याशियों ने दिखाया दम, भाजपा के मतदाता प्रभावी सम्मेलन में चुनावी आचार संहिता की खूब उड़ी धज्जियां

अखंड भारत संदेश





**झूंसी।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं प्रयागराज के प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह पटेल ने कहा है कि सपा, बसपा और कांग्रेस वंशवाद की पार्टी है। शुरूआती दिनों से ही तीनों पार्टियां वंशवाद को लेकर आगे बढ़ रही हैं। ये पार्टियां सत्ता में क?वल जनता को लूटने के इरादे से आती हैं। पूरा परिवार मिलकर लूटता है। इसके उलट भारतीय जनता पार्टी अपने अदने से कार्यकर्ता को भी पूरा सम्मान देती है। कर्मठ, जुझारू और ईमानदार कार्यकताओं का भाजपा में पूरा सम्मान एवं आदर है। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव ने यह बातें मंगलवार को अंदावा स्थित गेस्ट हाउस में मतदाता प्रभावी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। इस दौरान नगर निगम चुनाव में विभिन्न वार्डों से ?टिकट के दावेदारों ने जमकर जोर आजमाइश की। सभी गाजे-बाजे के साथ सम्मेलन में पहुंचे। इस दौरान चुनावी आचार संहिता की भी जमकर धज्जियां उड़ाई गईं।

कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने आगे कहा कि चुनाव के वक्त सपा और बसपा जातिवाद का नारा लगाएंगे जो देश और राज्य को लूटते हैं। जातिवाद के नाम पर नियुक्तियां होती हैं। पर अब ऐसा नहीं होगा। अब मुसहर और थारू जाति के लोग भी सरकारी नौकरियां पा रहे हैं। आज हमारी सरकार गरीबों को पक्का मकान दे रही है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। कहा कि आप सभी को भी पता होगा कि 2017 से पहले प्रदेश में क्या होता था। बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। गुंडे खुलेआम लोगों के मकान कब्जा कर लेते थे, पुलिस रिपोर्ट तक नहीं दर्ज करती थी। पर वर्तमान भाजपा सरकार में रात को बारह बजे भी बेटियां किसी डर के कहीं भी आ-जा सकती हैं। हमारे राज में ईद, बकरीद और नवरात्र में 24 घंटे बिजली दी जाती है। पर सपा के शासन में टीका लगाने और मंदिर जाने में भी लोग डरते थे। योगी सरकार आने पर लोगों को मन बढ़ाया, इसलिए कांवड यात्रा पर आसमान में फूलों की वर्षा होती है। गरीब, दलित और पिछड़ों का सम्मान अगर कोई करता है तो वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। कहा कि हमारे पास नरेंद्र मोदी और आदित्यनाथ योगी जैसा ईमानदार नेतृत्व है। तभी किसानों के खाते में ईमानदारी के साथ राशि भेजी जा रही है। टिकट की दावेदारी को लेकर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमारी मां है, इसलिए सभी कार्यकर्ता कमल के फूल के सम्मान में अपना जी-जान लगा दें। कहा कि राष्ट्रवाद का चुनाव चिन्ह कमल है। कहा कि अच्छे कार्यकर्ता का निर्माण करना हम सब पदाधिकारियों को दायित्व है। टिकट के दावेदारों से कहा कि टिकट मिले तो दमदारी से चुनाव लड़ना, नहीं मिले तो कमल के फूल का निशान लेकर निकल जाना और जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देना। कहा कि भाजपा में व्यक्ति गौड़ है। कहा कि भाजपा कार्यकताओं के दम पर चलने वाली पार्टी है। इसके पहले प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को लेकर कहा कि अगर वह देश के पहले प्रधानमंत्री हुए होते तो आज देश का नक्शा ही कुछ और होता। प्रभावी मतदाता सम्मेलन का संयोजन फूलपुर विधायक प्रवीण सिंह पटेल तथा संचालन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फूलपुर अमरनाथ यादव ने किया। इस मौके पर फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक गुरू प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, पूर्व विधायक दीपक पटेल, ब्लाक प्रमुख अरूणेंद्र यादव डब्बू, निर्मला पासवान, अश्विनी द्विवेदी, गणे केसरवानी, राकेश कुमार, अमरनाथ तिवारी, आरती अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अभिलाषा गुप्ता समेत 8 प्रत्याशियों ने खरीदा पर्चा

## निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन एक पार्षद प्रत्याशी ने किया नामांकन

**प्रयागराज।** निकाय चुनाव पहले चरण यानी चार मई को होने जा रहा है। इसके लिए आज 11 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 17 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन कर सकते हैं। पहले दिन आज मंगलवार 8 प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट से पर्चा (नामांकन पत्र) खरीदा। इसमें निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने दो सेट पर्चा खरीदा है।इसी तरह से महापौर के लिए कांग्रेस के नेता संजय तिवारी ने एक सेट, प्रसपा के अजीत कुमार पटेल ने एक सेट, एआईएमआईएम के मो. लकी खान ने दो सेट, विनय चंद्र श्रीवास्तव, गणेशजी तिवारी, शैलेंद्र प्रजापति व श्यामदेव ने एक-एक सेट पर्चा खरीदा है। महापौर पद के लिए आठ प्रत्याशियों ने कुल 10 सेट लिए हैं। वहीं पार्षद के लिए कुल 547 नामांकन पत्र लिए गए, जबकि वार्ड नंबर 85 से एक मात्र प्रत्याशी ने पहले दिन नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन के लिए 32 रिटर्निंग ऑफिसर और 45 सहायक रिटर्निंग आफिसरों को लगाया गया है।

**महापौर के लिए जिलाधिकारी न्यायालय में नामांकन** : महापौर व पार्षद के नामांकन के लिए अलग अलग न्यायालय कक्ष बनाए गए हैं। महापौर के इच्छुक उम्मीदवार जिलाधिकारी न्यायालय में अपना नामांकन कर सकते हैं। यहां अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पांडेय को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। इस नामांकन कक्ष में तीन एआरओ भी बनाया गया है। इसी कक्ष में नामांकन फार्म भी मिलेगा और यहीं पर उसे जमा भी किया जाएगा। नगर निगम के पार्षद पद के लिए वार्ड के हिसाब से अलग अलग नामांकन कक्ष बनाए गए हैं ताकि कोई असुविधा न होने पाए।

**सिर्फ प्रत्याशियों के वाहन कचहरी तक जाएंगे** : नामांकन के दिनों में कचहरी की तरफ जाने पर रोक होगा। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा बताया गया है नामांकन की समस्त तिथियों में बड़े-छोटे वाहन कलेक्ट्रेट परिसर से दूसरी तरफ मोड़ दिए जाएंगे। सिर्फ प्रत्याशियों के वाहन कचहरी तक जाएंगे, जिन्हें कचहरी के बाहर ही पार्क कराया जाएगा। कचहरी के सामने रोड पर अनावश्यक रूप से यातायात अवरुद्ध न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा। पर्किंग की व्यवस्था पीडब्ल्यूडी चौराहा, कटरा चौराहा, मेरी लूकर्स स्कूल के पास होगी।

**मॉनिटरिंग के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम** : नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए संगम सभागार, कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें शिफ्टवार अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। कंट्रोल रूम का नंबर 0532-2641577 एवं 2641578 है। कंट्रोल रूम में प्रातः 08:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक के लिए पवन कुमार जायसवाल, पशुधन प्रसार अधिकारी, कार्यालय मुख्य तकनीकी अधिकारी, भेड़ एवं ऊन प्रयागराज मोबाइल 9839252633 एवं महेंद्र कुमार पुष्पाकर पशुधन प्रसार अधिकारी, कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मोबाइल 9415575623 की ड्यूटी लगाई गई है।इसी प्रकार सायं 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक के लिए शुभम त्रिपाठी, पशुधन प्रसार अधिकारी, कर्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकरी, मो. 9455692966 एवं अयोध्या प्रसाद, पशुधन प्रसार अधिकारी, कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, मो. 9451588604 तथा रात्रि 12 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक के लिए सुजीत कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी मो.-9415953140 एवं राजेश कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी, कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, मो. 9453395143 की ड्यूटी रहेगी। कंट्रोल रूम का प्रभारी अपर जिलाधिकरी नगर मदन कुमार को बनाया गया है।

### सीडीओ ने मेजा ब्लाक का किया औचक निरीक्षण

**मेजा रोड।** मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार ने मंगलवार को मेजा ब्लाक का औचक निरीक्षण कर मातहत को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।सीडीओ प्रयागराज ने मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे ब्लाक मुख्यालय मेजा पहुंचे तो मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।सीडीओ ने चुनाव में लगे बीडीओ मेजा सईद अहमद की अनुपस्थिति में ब्लाक कर्मियों के साथ ब्लाक परिसर में बन रहे पार्क को निरीक्षण किया।उसके बाद कार्यालय में बैठकर अमृत सरोवर,खेल मैदान,मनरेगा द्वारा किए जा रहे कार्यों व स्वच्छता पर विशेष रूप से आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य होने चाहिए।उन्होंने ब्लाक कार्यालय में विभिन्न चेंबरो का गहनता से निरीक्षण किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), रमाकांत पांडेय, एम आई प्रदीप अवस्थी, वरिष्ठ सहायक राम कृष्ण गुप्ता, लेखाकार मदन मोहन, सहायक लेखाकार, विकास पांडेय, आवास ऑपरेटर राजमणि कोटार्य, मनरेगा ऑपरेटर अजय यादव समेत समस्त ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

# प्रयागराज के लिए रवाना हुए अतीक अहमद

अखंड भारत संदेश

मीडिया से कहा कि रास्ते में मेरे साथ कुछ भी अनहोनी हो सकती है

माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज की अदालत में पेश करने के लिए पुलिस टीम अहमदाबाद की साबरमती जेल पहुंची



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में साजिश रचने के नामजद अभियुक्त माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज की अदालत में पेश करने के लिए पुलिस टीम अहमदाबाद की साबरमती जेल पहुंच गई है। मंगलवार सुबह साबरमती जेल पहुंची पुलिस टीम अतीक अहमद को लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है। पिछले दिनों पुलिस टीम ने अदालत से जारी बी वारंट को जेल में तामील कराया था। प्रयागराज और गुजरात पुलिस की कड़ी निगरानी में माफिया अतीक अहमद का काफिला गुजरात के हिम्मतनगर पहुंच चुका है। माफिया ने मीडिया से कहा कि रास्ते में मेरे साथ कुछ भी अनहोनी हो सकती है। अतीक ने कहा कि इनकी नीयत ठीक नहीं है। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद ने पिछली बार साबरमती जेल से प्रयागराज के लिए निकाले जाने पर कहा था कि उसकी हत्या की साजिश यूपी पुलिस ने रची है। पुलिस के काफिले में दो प्रिजन वैन और दो छोटी गाड़ियां हैं। इस बार प्रयागराज पुलिस के साथ गुजरात पुलिस की भी टीम चल रही है जो मध्य प्रदेश की सीमा तक साथ रहेगी। इस बार अतीक की प्रिजन वैन में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम हैं। वैन में बायोमीट्रिक लॉक है और पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरों से लैस किया गया है। प्रयागराज पुलिस की कड़ी निगरानी में माफिया अतीक अहमद का काफिला साबरमती जेल से रवाना हो चुका है।

# महिला छात्रावास के बाहर छात्राओं ने किया धरना प्रदर्शन

## छात्राओं ने कहा- 606 अंक वालों को हॉस्टल नहीं मिला, 580 अंक वालों को मिल गया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहबाद विश्वविद्यालय में आज आंदोलनकारियों ने नए छात्राओं को छात्रावास आवंटित न करने पर डीएसडब्ल्यू दफ्तर का घेराव किया। उसके बाद सभी छात्राओं के साथ समस्त आंदोलनकारी छात्र महिला छात्रावास गेट के बाहर धरना पर बैठ गए। वहीं जैसे ही छात्राओं के धरना पर बैठने की बात विश्वविद्यालय की पीआरओ प्रो. जया कपूर को चला वह छात्राओं को समझाने बुझाने पहुंच गई।लिखित आश्वासन पर छात्राओं ने समाप्त किया धरना लेकिन छात्राओं ने उनकी एक भी नहीं सुनी। छात्राओं का कहना था कि जब तक हमें लिखित रूप में नहीं मिल जाता, तब तक हम लोग यहां से नहीं उठेंगे। वहीं छात्राओं के समर्थन में समस्त आंदोलनकारी छात्र भी मौजूद रहे। जब शाम 6:15 पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने नोटिस जारी किया कि हम सभी छात्राओं को दिनांक 17 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को छात्रावास आवंटित करेंगे। जब इस बात की छात्राओं को लिखित रूप में नोटिस दिया गया। तब सभी छात्राओं ने आंदोलन को समाप्त किया। वहीं छात्राओं ने अपनी समस्याओं को बताते हुए कहा कि पीडी गर्ल्स हॉस्टल की कट ऑफ लिस्ट जारी हुई थी। वहां पर जिन बच्चों ने फॉर्म सबमिट किया था उसमें सब का लिस्ट में नाम आया था, लेकिन जब उस लिस्ट को यहां पर हॉस्टल के बाहर पेस्ट किया गया, उसके बाद उस दिन जिन बच्चों ने हॉस्टल से फॉर्म लिया उनको हॉस्टल मिल गया, लेकिन उसमें जिन विद्यार्थियों को 606 मार्क्स है उसको हॉस्टल नहीं मिला, लेकिन जिनको 580 मिला है उसको मिल गया। आगे कहा कि हम लोगों की यह समस्या है कि लिस्ट में नाम होने के बाद भी हमको अब इस हॉस्टल के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा हैं। हमको कहा जा रहा है कि हॉस्टल पूरी तरह से फुल हो चुका है। इसमें अब कोई कमरा खाली नहीं है, बस उसी के लिए आज हम लोग महिला छात्रावास के बाहर धरना पर बैठे हैं। आगे कहा कि सिर्फ दो महीने के सेशन में हमको 21 हजार देना पड़ रहा है। इस कंडीशन पर भी हम लोग यहां पर हॉस्टल लेना चाहते हैं, लेकिन अभी हमको फॉर्म नहीं दे रहे हैं। आगे कहा कि हम लोगों का 27 मई से एग्जाम है और अप्रैल में हम लोगों को हॉस्टल दे रहें है तो हम लोग कब रहेंगे और कब एग्जाम की तैयारी करेंगे। वहीं सभी छात्राओं की यही मांग है कि हम लोगों को हॉस्टल दिया जाय, क्यों कि हम लोगों का लिस्ट में प्रॉपर नाम है। इस मौके पर छात्र नेता अजय यादव सम्राट, हरेंद्र यादव, अजय पांडेय, आदित्य पटेल, विकास यादव, राहुल पटेल, रिंकू सिंह, मनजीत पटेल, अभिषेक यादव, जितेंद्र धनराज, गोलू पासवान, प्रियांशु विद्रोही, अनुराग यादव, ज्ञान गौरव, सत्यम कुशवाहा, हिमांशु पटेल, केडी मौरिया आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली




**सोरांव।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत सब पढ़े सब बढ़े का बैनर लिए सोमवार को प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती व पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाहर सराय के बच्चो संग प्रधानाचार्या स्नेहलता और डोला बनर्जी संग प्रधानपति राम गणेश मौर्य ने संयुक्त रूप से गांव के सभी मजरों में एक जागरूकता रैली निकाली। जिसमे स्कूल के सभी शिक्षक संग बच्चो ने घर घर जाकर शिक्षा की अलख जगाने के लिए 6 से 14 साल के बच्चो का नामांकन सरकारी विद्यालय में करवाने के लिए प्रेरित किए। बाहर सराय के पूरे गांव में शैक्षिक सत्र 2023- 24 को सफल बनाने के लिए गांव में प्रवेश प्रारंभ का पोस्टर बैनर भी चस्पा किया गया। तथा स्कूल के बच्चों ने एक रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही साथ झांकी के माध्यम से भी अभिभावकों और बच्चो को शिक्षा के प्रति जागरूक किए। वही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेहलता ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर शैक्षिक सामग्री तथा पुस्तक वितरण का भी कार्यक्रम किए। तथा नए शैक्षिक सत्र में पहले दिन जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों का नामांकन स्कूल में करवाएं है। उनको भी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेह लता ने उपहार देकर सम्मानित किए। इस मौके पर ग्राम प्रधान मनोरमा देवी, प्रतिमा जायसवाल, श्वेता, मीना शर्मा ,मोना त्रिपाठी संग समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### सीढ़ी से उतरते समय बेहोश हुए मेजा तहसीलदार



**मेजा रोड।** मेजा तहसील परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अचानक तहसीलदार मेजा बेहोश हो गए। बता दें कि मंगलवार को करीब डेढ़ बजे तहसीलदार मेजा डॉक्टर विशाल शर्मा नवागंतुक एसडीएम अभिनव कनौजिया से मिलकर तहसील भवन की सीढ़ी से उतरते समय अचानक बेहोश होकर गिर पड़े, जिससे तहसील परिसर में हड़कंप मच गया । आनन-फानन में उन्हें सीएचसी मेजा ले जाया गया, जहां डॉक्टर शमीम अख्तर सहित डॉक्टरों की टीम उनके देखभाल व जांच में लगी रही । मामले की जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक ने ज्ञानेश्वर मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। इस दौरान डॉक्टर ने बताया कि स्थिति नॉर्मल है। ब्लड प्रेशर हाई होने की वजह से बेहोश हुए हैं।

### हड़बड़ाहट में बुजुर्ग महिला ट्रेन से कूदी दाहिना हाथ कटा

**प्रयागराज।** फाफामऊ रेलवे जंक्शन पर एक बुजुर्ग महिला मंगलवार दोपहर में चलती ट्रेन से कूद गई। जिससे ट्रैक पर आने से उसका दाहिना हाथ कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे 108 एंबुलेंस से एसआरएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा कोतवाली अंतर्गत तिरछा गांव निवासी सोना देवी (60) पत्नी मैकूलाल अपनी देवरानी शिवपत्ती देवी के साथ अपनी बेटी की ससुराल बाराबंकी गई थी। वहा से लखनऊ चली गई थी 11 अप्रैल को सुबह वह हरिद्वार एक्सप्रेस पकड़ कर देवरानी के साथ कुंडा, प्रतापगढ़ जा रही थी। महिला का दाहिना हाथ कट गया सोना और उसकी देवरानी को यह नहीं मालूम था कि हरिद्वार एक्सप्रेस कुंडा नहीं जाती है 11 अप्रैल को दोपहर में डेढ़ बजे जब प्रतापगढ़ होते हुए फाफामऊ स्टेशन पर पहुंची तो पता चला कि उस ट्रेन का फाफामऊ में भी स्टापेज नही है। जिसे सुनकर सोना देवी घबरा गई। इसी हड़बड़ाहट में सोना देवी ट्रेन के गेट पर पहुंची और जल्दी उतरने के चक्कर में नीचे गिर गई। उसका दाहिना हाथ रेलवे ट्रैक पर पड़ा और ट्रेन के नीचे आकर कट गया ट्रेन के गुजरने के बाद लोगों की निगाह पड़ी तो पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। 108 एंबुलेंस के चालक रामनाथ और आईएमटी अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। उसे लाद फांदकर बेली हॉस्पिटल ले गए। जहां से उसे एसआरएन हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। एसआरएन हॉस्पिटल में उसकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर उसके घर वाले भी कुंडा, प्रतापगढ़ से प्रयागराज पहुंच गए हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 12/04/2023 से 19/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 20/04/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

मनोज सोनी
पंचायत सचिव
विकास खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी

रमेश चंद्र मौर्या
ग्राम प्रधान, ग्रा0 पं 0
कोखराज, विकास खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी

## कार्यालय ग्राम पंचायत टेन शाह आलमा बाद विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टेन शाह आलमा बाद विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 12/04/2023 से 19/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 20/04/2023 को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

राहुल सिंह
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

चुन्ना लाल पाल
ग्राम प्रधान, ग्रा0 पं 0 टेन
शाह आलमा बाद विकास खण्ड
मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

# निकाय चुनाव में अधिकारी अपने कार्यों एवं दायित्वों का शत प्रतिशत करें निर्वहनः डीएम

## नगरीय निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये डीएम ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल विकास भवन के सभागार में निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त उपजिलाधिकारी के साथ अति आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त उपजिलाधिकारियों से कहा कि जनपद में 01 नगर पालिका परिषद एवं 18 नगर पंचायतों में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाना है। उन्होने कहा कि दिनांक 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक निर्धारित नामांकन स्थलों पर नाम निर्देशन पत्रों का क्रय एवं जमा किया जायेगा, 18 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी, 20 अप्रैल को नाम वापसी, 21 अप्रैल को प्रतीक आवंटन किया जायेगा। दिनांक 04 मई को मतदान तथा 13 मई को मतगणना की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी आर0ओ0 एवं उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त प्रक्रिया को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायें, सभी आर0ओ0 अपने नामांकन स्थलो पर पूर्वान्ह 11 बजे से मौजूद रहेगे, जो आर0ओ0 नामांकन स्थलो पर उपस्थित नही रहेगें उन्हें अनुपस्थित मान लिया जायेगा और उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।



निकाय चुनाव की बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

अवकाश दिवसों में भी नामांकन किया जायेगा। प्रत्याशियों हेतु प्रचार वाहन की अनुमति आर0ओ0 द्वारा ही निर्गत की जायेगी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों हेतु निर्धारित किये गये निर्वाचन व्यय की सीमा का भी अनुपालन कराया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है जिसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन में लगे हुये सभी अधिकारी अपने कार्यों एवं दायित्वों का शत प्रतिशत निर्वहन करें जिससे चुनाव को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होने निर्देशित किया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता कदापि न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा सहित समस्त आर0ओ0, समस्त उपजिलाधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लालगंज में पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए सोलह तथा सभासद के लिए चालीस पर्चे बिके

## चुनावी दंगल को लेकर तहसील परिसर मे गहमागहमी का माहौल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार से लालगंज में नगर पंचायत चुनाव का दंगल सजने लगा दिखा। नामांकन के पहले ही दिन अध्यक्ष तथा सभासद पद के उम्मीदवारों ने उत्साहजनक माहौल मे पर्चे खरीदे। तहसील परिसर मे नामांकन पत्र को खरीदने और दाखिल करने के लिए अध्यक्ष एवं सभासद पदो के उम्मीदवारो के लिए अलग अलग कक्ष बनाया गया है।

तहसील के प्रथम गेट पर भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच नाम निर्देशन कक्ष में पहुंचने के लिए बैरीकेटिंग भी की गयी है। एसडीएम उदयभान सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने भी नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्धों को खुद जायजा लेते दिखे। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि पर्चे की खरीद अथवा दाखिल करने के लिए इन कक्षो मे प्रत्याशी के साथ सीमित संख्या मे ही लोगों को अंदर जाने की अनुमति है। मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए पहले दिन सोलह पर्चे खरीदे गये। वहीं सभासद पद के लिए चालीस पर्चे भी बिक्री हुए। अध्यक्ष पद के लिए सबसे पहले पर्चे की खरीद के लिए निवर्तमान चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी पहुंचे। प्रतिनिधि ने अनीता द्विवेदी के नाम पर अध्यक्ष पद का नाम निर्देशन पत्र खरीदा। वहीं अध्यक्ष पद के लिए रागिनी कौशल, अफरोज बानो, किरन देवी, जावित्री, ममता दुबे, निशा तिवारी, पूजा कौशल, नफीसा बानो, अनीषा बानो समेत सोलह संभावित प्रत्याशियों के नाम भी पर्चे की खरीद हुई। वहीं सभासद के लिए तहसीलदार कोर्ट में पर्चो की बिक्री हुई। पहले दिन सभासद के विभिन्न वार्डो से चालीस दावेदारों के नाम पर्चे खरीदे गये। चेयरमैन पद पर निर्वाचन अधिकारी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी पुनीत वर्मा ने बताया कि पहले दिन केवल संभावित उम्मीदवारों के नाम पर्चे लिए गये है। वहीं नाम निर्देशन प्रक्रिया की देखरेख मे लगे पशु चिकित्साधिकारी डा. धर्मेन्द्र ने बताया कि टाउन एरिया में अध्यक्ष पद महिला होने के कारण उम्मीदवारो से पर्चे के लिए प्रति नामांकन पत्र के एक सौ पचीस रुपए जमा कराए गए है। सभासद के लिए नामित निर्वाचन अधिकारी नरपति सिंह ने बताया कि चालीस पर्चे पहले ही दिन लिए गए हैं। तहसील परिसर मे नाम निर्देशन पत्रों की खरीद के लिए प्रत्याशियो के समर्थको को भी जमा देखा गया। चुनावी बिगुल के बजने के पहले ही दिन तहसील परिसर से लेकर बाहर चहल पहल का माहौल सरगर्मी मे दिखा।

# तमंचे समेत चोरी की बाइक के साथ धराया आरोपी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक समेत आरोपी को मय असलहा धर दबोचने मे सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल के निर्देश पर दरोगा अनीस यादव के साथ फोर्स नगर के घुइसरनाथ रोड पर वाहनो की चेकिंग का अभियान चला रही थी। इस बीच एक बाइक सवार पुलिस को देख तेज गति से भागने लगा। शंका होने पर पुलिस ने दौडाकर उसे पकडा तो उसके पास से तलाशी लेने पर तमंचा व कारतूस बरामद देख आवाक रह गयी। आरोपी बाइक के कागजात भी नही दिखला सका। बाइक पर अंकित नंबर भी पुलिस की जांच पडताल मे फर्जी निकला। आरोपी ने नंबर प्लेट बदलकर धोखाधडी व जालसाजी से पुलिस को चकमा देने का प्रयास किया। दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने पकडे गये आरोपी लालगंज के बलीपुर कटरा निवासी शीतला प्रसाद वर्मा के पुत्र रोहित वर्मा के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। एक तमंचा तथा एक कारतूस की बरामदगी को लेकर पुलिस ने मुकदमे मे आर्म्स एक्ट भी लगाया है। दोपहर बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। सूचना मिलने पर सीओ रामसूरत सोनकर ने पुलिस टीम मे शामिल उप निरीक्षक अनीस कुमार यादव तथा आरक्षी रामप्रताप चैधरी व आरक्षी धर्मेन्द्र यादव की सराहना की। सीओ ने बताया कि अपराध नियंत्रण में इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम के लिए एसपी से ईनाम की भी संस्तुति की जाएगी।

# भारत विकासशील अर्थव्यवस्थाआं में पाचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः प्राचार्य

## प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संधारणीय जीवन शैली पर संगोष्ठी सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में यूजीसी के निर्देश के क्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के संयोजकत्व में जी-20 विश्वविद्यालय संपर्क योजना के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन एवं आपदा जोखिम प्रबंधनः संधारणीय जीवन शैली विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारत विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के क्रम में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है इसके बावजूद विकसित देशों के संगठन जी-7 से भारत को बाहर रखा गया है। जी-7, सात विकसित देशों का संगठन है। जी-20 में भी जी-7 महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सवाल है कि जब अपेक्षाकृत छोटी अर्थव्यवस्था वाले देशः इंग्लैंड और जापान को जी-7 में सम्मिलित किया गया है तो भारत को क्यों नहीं? ऐसा संदेह करने के कारण हैं कि जी-20 समूह में भी, अभी तक ळ-7 राज्य ही अपने हितों का एजेंडा लागू करते रहे हैं। भारत के नेतृत्व में समावेशी विकास की आशा है। भारत की दृष्टि और दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम का है। विकसित देशों की तुलना में भारत का औद्योगिक प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन बहुत ही कम है लेकिन विकसित देश प्रदूषण का प्रमुख कारक विकासशील देशों को ही मान रहे हैं। कार्बन ट्रेडिंग के नये बाजार की भूमिका तैयार है। भारत, जी-20 के सदस्य देशों के साथ साथ विश्व के सभी देशों के हितों को शामिल करते हुए,



आयोजित संगोष्ठी में बोलते प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार श्रीवास्तव।

भारतीय संस्कृति एवं प्राचीन विरासत के अनुरूप, संपोषणीय विकास और नवोन्मेषी एवं हरित तकनीक का उपयोग करते हुए, पूरे विश्व के कल्याण हेतु, एक समग्र दृष्टिकोण से कार्य करने का संदेश दे रहा है। पूर्व प्राचार्य डॉ. बृजभानु सिंह ने वन-अर्थ, वन-फैमिली, वन-फ्यूचर के मूल मंत्र को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि इस सृष्टि की संरचना क्षिति, जल, पावक, गगन, और समीर के संतुलन और एकीकरण की समग्रता से है। प्रकृति का समग्र रूप है जो हमें संरक्षित कर रही है। बी.एड्. विभाग की छात्राध्यापिका चांदनी मौर्य ने अपना विचार रखते हुए कहा कि सतत विकास के संसाधनों का इस तरह से प्रयोग किया जाए जिससे पर्यावरण क्षरण कम से कम हो। जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिये जाने की आवश्यकता है।

संगोष्ठी का आभार उद्बोधन करते हुए संगोष्ठी के संयोजक राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने कहा कि भारत के नेतृत्व के अंतर्गत हम यह आशा कर सकते हैं कि जी-20 के लक्ष्यों में भारतीय जीवन शैली और वसुधैव कुटुंबकम की भावना का समावेश हो सकेगा। जी-20 देशों की स्थापना सन 1999 में आर्थिक आपदाओं की पृष्ठभूमि में हुई थी। इसमें 19 सदस्य देश और एक यूरोपीय संघ सम्मिलित हैं। यूरोपीय संघ में 27 देश सम्मिलित हैं, इस तरह जी-20 में कुल 46 देश प्रतिभाग कर रहे हैं। भारत ने 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक की एक वर्ष की अवधि के लिए अध्यक्षता ग्रहण किया है। संगोष्ठी को डॉ देवेश सिंह, डॉक्टर नीरज त्रिपाठी, श्री अजय कुमार मिश्रा, डीएलएड विभाग के सिद्धार्थ शुक्ला, भावना यादव, सुचिता सिंह, और बी.एड् विभाग की मांडवी सिंह ने संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रध्यापिका सुश्री ऋचा त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टर के. के. सिंह, बी.एड् विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएलएड विभागाध्यक्ष श्री अजीत प्रताप सिंह, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह डॉ. जितेंद्र कुमार सैनी और डॉ. सी.पी. पांडे डॉ. शिव प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह, अजय कुमार मिश्रा, उपमन्यु शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला वर्ग में स्वाती पाण्डेय व पुरुष वर्ग में जियाउल हक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित

## एमडीपीजी कालेज की दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज की दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आज विधिवत समापन हो गया। दो दिनों तक चली प्रतियोगिता के महिला वर्ग में स्वाती पांडे एवं पुरुष वर्ग में जियाउल हक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किए गए। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ जगदीश चंद्र मिश्र एवं जिला सहकारी बैंक की पूर्व अध्यक्ष सिंधुजा मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर मौजूद अतिथिगण।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं क्रीड़ा प्रभारी प्रो प्रदीप कुमार सिंह ने आभार ज्ञापित किया। खेल परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ छवि नारायण पांडे ने बताया कि 400 मीटर दौड़ में नीरज कुमार प्रथम महताब आलम द्वितीय एवं अभिषेक मौर्य तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद में महिला वर्ग में स्वाती पांडे प्रथम, काजल द्वितीय एवं पूजा यादव तीसरे स्थान पर रहीं। गोला फेंक में स्वाती पांडे प्रथम, रूबी प्रजापति द्वितीय एवं कविता गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। गोला फेंक पुरुष वर्ग में जियाउल प्रथम, महताब द्वितीय एवं अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद पुरुष वर्ग में महताब आलम को प्रथम स्थान मिला जबकि उत्कर्ष तिवारी को द्वितीय एवं आदर्श कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। लंबी कूद में जियाउल हक को प्रथम महताब को द्वितीय एवं जुनैद अहमद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में काजल को प्रथम, खुशी मिश्रा को द्वितीय एवं सौम्या चेधरी को तृतीय स्थान मिला। 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में स्वाती पांडे को प्रथम, पूजा यादव द्वितीय एवं रूबी प्रजापति तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ महिला वर्ग में साक्षी पाल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जबकि काजल द्वितीय एवं रूबी प्रजापति तीसरे स्थान पर रही। 200 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में जियाउल हक को प्रथम नीरज सरोज को द्वितीय एवं मदन वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 100 मीटर पुरुष वर्ग में जियाउल हक को प्रथम, नीरज कुमार को द्वितीय एवं महताब को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में प्रो पीयूष कांत शर्मा, प्रो रमेश चंद्र शुक्ल, प्रो मायाशंकर कौशल, प्रो संतोष पांडे, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ अनीष द्विवेदी, डॉ रेखा मिश्रा,डॉ मनीष सिंह, डॉ डी के पांडे, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डिग्री कालेज कालाकांकर में एक दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के कृषि विज्ञान विभाग के प्रवक्ता आशुतोष यादव ने विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन के तकनीकीयों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन के लिए विशेष रुप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बधाई दी और इसे अधिक से अधिक प्रसारित करने का आवाहन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रो रामकरण डॉ डीसी आनंद डॉ सृष्टि कुशवाहा ने प्राचार्य के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। इस पूरे प्रशिक्षण में कृषि संकाय के अध्यक्ष डॉ राम लखन सिंह परिहार अनिल कुमार सिंह रणजीत सिंह और नासिर जिलानी ने विशेष रुप से सहयोग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएससी एजी के द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम और अष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थी प्रतिभाग किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मशरूम उत्पादन की जानकारी के साथ-साथ मशरूम का विपणन प्रोसेसिंग और इसके माध्यम से बनने वाले विभिन्न व्यंजनों के बारे में भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व प्रशिक्षणार्थी।

## सीडीओ ने औचक निरीक्षण मे खंगाली गांव में विकास योजनाओं की हकीकत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले की सीडीओ ने मंगलवार को लक्ष्मणपुर ब्लाक के हण्डौर गांव में विकास कार्यो का औचक जायजा लिया। सीडीओ ईशा प्रिया ने औचक निरीक्षण मे गांव मे कूडा घर तथा तालाब का गहन अवलोकन किया। गांव के दुनिया सिंह का पुरवा में निर्मित तालाब को देखकर इसे मॉडल तालाब के रूप मे विकसित करने के निर्देश दिये। हाइवे किनारे तालाब के किनारों पर मनरेगा योजना से हरियाली के लिए पौधरोपण पर सीडीओ का खासा जोर दिखा। वही गांव की पौराणिक महत्ता को लेकर सीडीओ ने यहां हिडिम्बा जन्मस्थली को भी विकसित करने के निर्देश दिये। सीडीओ नवनिर्मित कूड़ा घर का भी निरीक्षण करने पहुंची। यहां कूडा घर की दीवारों पर स्वच्छता के स्लोगन देख ग्राम प्रधान नीतेश सिंह वीरू की सराहना की।

# नगर पालिका व नगर पंचायतों में नामांकन पत्र खरीदने का कार्य शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव में नामांकन पत्रों को लेने वालों की भीड़ आज तहसीलों व नामांकन स्थलों पर दिखाई पड़ने लगी। कई प्रत्याषियों एवं उनके समर्थकों ने सदर तहसील में आकर नामांकन पत्र लिया। बता दें कि नामांकन पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है, लेकिन अभी तक प्रमुख राजनीतिक दलों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याषी के लिये अभी घोषणा नहीं की है। इस कारण नामांकन पत्रों की बिक्री अभी ज्यादा होगी। प्रत्याषी घोषित हो जाने पर नामांकन पत्र वापस भी होंगे। बहरहाल नगर पालिका एवं 18 नगर पंचायतों में आज नामांकन पत्रों के खरीदने का कार्य शुरू हो गया। प्रत्याषियों में सत्ता दल में सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ है। लोग अपने-अपने पक्ष के लोगों के लिये तरह-तरह का तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं। इसमें विगत 25 वर्षों से नगर पालिका में कार्य कर चुके हरिप्रताप सिंह की चर्चा सबसे ज्यादा है।

## अध्यक्ष पद का एक तथा सभासद के चार नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद शासन ने 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नामांकन करने की तिथि घोषित की है। मंगलवार को पट्टी नगर निकाय चुनाव के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में अध्यक्ष पद के लिए 1 तथा सभासद पद के लिए 4 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई वही नवसृजित रामगंज नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 12 तथा सदस्य के लिए 9 पर्चे की बिक्री हुई ढकवा में अध्यक्ष पद के लिए 2 तथा सभासद के लिए 14 नामांकन पत्र बिके।

# मेडिकल कालेज में बने तीन कोरोना वार्ड



मेडिकल कालेज में कोविड वार्ड का निरीक्षण करते चिकित्सक।

## अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय मेडिकल कालेज के प्रताप बहादुर अस्पताल में कोविड वार्ड बनाया गया है जिसका आज डब्ल्यूएचओ के मेडिकल अफसर डा0 मोनिका ने कोविड प्रभारी डा0 आरके पाण्डेय के साथ निरीक्षण किया।

दोनों मेडिकल अधिकारियों ने अस्पताल का आक्सीजन प्लांट देखा तथा अस्पताल में बने तीन कोविड वार्डों में तैयारियों का जायजा लिया। बता दें कि कोविड के बढ़ते प्रभाव को लेकर मेडिकल कालेज के अधिकारी सतर्क हैं। अस्पताल में बने तीन कोविड वार्डों में 110 बेड बनाए गए हैं जिन्हें आक्सीजन प्लांट से जोड़ा गया है। अभी कोविड के तीसरी लहर की केवल दस्तक है लेकिन प्रारंभिक स्तर से भी अस्पताल में तैयारियां की गई है। चिकित्सकों ने लोगों से सतर्कता बरतने की सलाह दी है। सर्दी जुखाम को भी लोग हल्के में न लें।

ज्यादा सतर्कता बच्चों व बुजुर्गों को करने को कहा गया है। वैसे जिन लोगों ने कोरोना की वैक्सीन व उसका बूस्टर डोज लगवा लिया है, वह बहुत हद तक सुरक्षित हैं लेकिन 12 वर्ष तक के बच्चे जिन्हें कोई वैक्सीन नहीं लगी है, उन्हें विषेष सतर्कता बरतने को चिकित्सकों ने सलाह दी है।

## सीएचसी कालाकांकर में चिकित्स्कों की टीम ने किया कोविड 19 का मार्कड्रिल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश मे कोविड-19 के बढ़ते मरीज के चलते स्वाथ्य विभाग हरकत मे आ गया मंगलवार को जनपद प्रतापगढ़ के सी एच सी कालाकांकर मे अस्पताल के चिकित्सको की टीम ने अपने अधिकारियों के निर्देश पर मार्कड्रिल किया जिसमे रंजीत यादव ब्यक्ति को अस्पताल परिसर के बाहर से स्ट्रेचर पर लिटाकर ऊपर कोविड रूम मे ले गये जहा चिकित्सको की टीम ने कोविड के पाये जाने वाले लक्षण की युवक की जांच पड़ताल किया जिसे मार्कड्रिल समय पुरा होने पर छोड़ दिया मार्कड्रिल के होने से चिकित्सको की टीम ने यह बता दिया हम पुरी तरह कोविड-19 से निपटने के लिये तैयार खड़े है मार्कड्रिल मे चिकित्सक टीम मे ड्रा मनोज कुमार वर्मा, ड्रा राजीव द्विवेदी, ड्रा दिनेश सिंह, फार्माशिष्ट संदीप कुमार, योगेंद्र सिंह, रमा मौर्या, वंदना सिंह आदि लोग शामिल रहे।

## ट्रक ने ग्राम सभा के गेट को तोड़कर किया क्षतिग्रस्त

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ट्रक में भट्ठे के लिए ओवरलोड भरा हुआ कोयला ग्राम सभा के मुख्य गेट को क्षतिग्रस्त करते हुए धराशाई कर दिया। पट्टी तहसील क्षेत्र के रामपुर खागल गांव में सन 1993 में रामबरन यादव ने ग्राम सभा में प्रवेश द्वार गेट का निर्माण कराया था।

## खबर संक्षेप

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 158 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा तीन वाहन से 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र सुन्दर लाल निवासी गौहानी थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बंसत पासी पुत्र भोंदू निवासी सिंधिया आमद करारी थाना कोखराज को गिरफ्तार कर। विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार :** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से तीन थाना सराय अकिल से दो थाना चरवा से दो थाना कोखराज से चार कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# एसबीआई मनौरी शाखा में रहस्यमय तरीके से लगी आग

## आग से केवाईसी पटल हुआ जलकर राख पहले भी बैंक में लग चुकी है आग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के पिपरी थाना अंतर्गत मनौरी बाजार स्थित एसबीआई की मनौरी शाखा में मंगलवार की सुबह अचानक रहस्यमय तरीके से आग लग गई,आग से बैंक में स्थित केवाईसी पटल जलकर राख हो गया,आग की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। इसके पहले भी बैंक में आग लग चुकी है कहीं बैंक में आग के पीछे बड़ी साजिश तो नहीं है।

घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार स्थित एसबीआई शाखा में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई बैंक के अंदर आग कैसे लगी यह रहस्य बरकरार रह गया आग की सूचना पर पहुंची चायल चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग से बैंक के महत्वपूर्ण कागजात जलकर राख हो गए।पुलिस और बैंक कर्मचारी आगजनी की जांच में जुटे हुए है। इसके पहले भी बैंक में आग लग चुकी है आखिर बार-बार बैंक में आग लगने के पीछे क्या कारण हैं इस अग्निकांड के पीछे किसी शातिर का दिमाग तो नहीं है जबकि बैंक में अग्निशमन से संबंधित तमाम सुरक्षा यंत्र भी लगाए गए हैं लेकिन उसके बाद भी बैंक में आग लगने के बाद लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं हैं।



बैंक में आग लगने के बाद जांच करते अधिकारी

**खंड विकास कार्यालय का जल चुका अभिलेख :** एक दशक पूर्व सिराथू तहसील क्षेत्र के कड़ा विकास खंड कार्यालय का अभिलेख भी रहस्यमय तरीके से अग्निकांड का भेंट चढ़ चुका है ब्लॉक में आग लगने के बाद करोड़ों रुपए घोटाले की फाइल जलकर राख हो गई है लेकिन 10 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद ब्लॉक के घोटाले की फाइल जलने के बाद इस अग्निकांड का रहस्य उजागर नही हो सका है जिसका सीधा लाभ घोटाले से जुड़े लोगों को मिला है और वह जेल जाने से बच गए है इस घटना की फिर से जांच और विवेचना कराए जाने की जरूरत है जिससे गुनहगारों का चेहरा बेनकाब हो सके।

**सीएमओ कार्यालय में भी लग चुकी है आग :** जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में लगभग एक दशक पूर्व रहस्य तरीकों से आग लग गई थी जिसमें सीएमओ कार्यालय के घोटाले की तमाम फाइलें जलकर खाक हो गई हैं बताया जाता है कि एनआरएचएम घोटाले से संबंधित सीबीआई जांच में तत्कालीन सीएमओ को पत्रावली पेश करना था लेकिन सीएमओ के सीबीआई अफसरों के सामने पहुंचने के पूर्व छुट्टी के दिन रहस्यमय तरीके से सीएमओ कार्यालय में आग लग गई और एनआरएचएम घोटाले से संबंधित सीबीआई को जाने वाले अभिलेख अग्निकांड की भेंट चढ़ गए जिसके बाद सीएमओ कार्यालय के भी बड़े घोटाले पर पर्दा पड़ गया है पूर्व में हुए अग्निकांड घटना की फिर से जांच और विवेचना कराए जाने की जरूरत है यदि निष्पक्ष जांच हुई तो तमाम गुनाहगार जेल के सलाखों में होंगे।

**कलेक्ट्रेट के एनआईसी में भी लग चुकी है आग :** जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के एनआईसी में भी कई वर्षों पूर्व भयानक आग लग चुकी है इस अग्निकांड की घटना में एनआईसी का संपूर्ण डांटा जलकर खाक हो गया था लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अग्निकांड की इस घटना का भी रहस्य उजागर नहीं हो सका है आखिर सरकारी कार्यालयों में अचानक आग क्यों लगती है इसके क्या कारण होते हैं इन बिंदुओं पर सूक्ष्म जांच क्यों नहीं होती है यह तमाम सवाल आम जनता के सामने अनुत्तरित ही रह जाते हैं सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए जाते हैं और सुरक्षा के इंतजाम किए जाते हैं तो सिस्टम कैसे फेल हो जाते हैं।

# विवाहिता को जिंदा जलाने वाले दहेज हत्या के अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

अखंड भारत संदेश



7 वर्ष पूर्व पिपरी थाना क्षेत्र में विवाहिता पर मिट्टी का तेल डाल कर जिंदा जलाया गया था

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र में 7 वर्षों पूर्व विवाहिता को जिंदा जलाए जाने के मामले में अदालत ने सुनवाई करते हुए आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है आरोपी पर अदालत ने 30 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है और अर्थदंड न अदा करने पर आरोपी को 9 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। थाना चरवा अंतर्गत 06.06.2015 को वादी सुरेश चन्द्र पुत्र स्व0 जागेवर प्रसाद निवासी सैय्यद सरावा थाना चरवा द्वारा थाना पिपरी पर सूचना दी गयी कि आरोपी द्वारा वादी की पुत्री को दहेज की मांग पूरी न होने को लेकर मिट्टी का तेल डालकर जला दिया गया है, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त राकेश कुमार स्व भुल्लन निवासी असरावलकला थाना पिपरी को न्यायालय एडीजे / एफटीसी-02 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 10 वर्ष सश्रम कारावास तथा 30 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

# अप्रैल माह में अधिकारियों की उपस्थिति में ही निशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों को सूचित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह अप्रैल 2023 के सापेक्ष अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा खाद्यान्न (14 किग्रा गेहूँ एवं 21 किग्रा चावल) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न (02 किग्रा गेहूँ एवं 03 किग्रा चावल) का वितरण नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जायेंगा। उन्होंने सभी उचित दर विक्रेताओं को भी निर्देशित किया है कि स्टाक का भौतिक सत्यापन कराने के उपरान्त ही निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कार्डधारकों को करेंगें वितरण दिवसों में उचित दर की दुकानों पर

**राशन वितरण से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के जारी किए गए मोबाइल नंबर**

खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेंगा, वितरण के दौरान कोविड प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेंगा। मोबाईल ओटीप के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि 24 अप्रैल 2023 रहेगी पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टाक में उपलब्ध खाद्यान्न की सीमा तक होगी उन्होंने राशन कार्डधारकों से अपील की है कि वे उचित दर विक्रेता को अपेक्षित सहयोग प्रदान कर कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए नियमानुसार आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करें, उचित दर विक्रेता नियमानुसार निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण करना सुनिश्चित करेगें, किसी भी कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/ पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क कर सकतें हैं। वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिए मोबाइल नम्बर-जिलापूर्ति अधिकारी कौशाम्बी 7839564632,क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मंझनपुर/चायल 7355395814, क्षेत्रीय खाद्यअधिकारी सिराथू 7007172381, पूर्ति निरीक्षक चायल/ नेवादा 9451572412, पूर्ति निरीक्षक सरसवां 9473957809,पूर्ति निरीक्षक कौशाम्बी 9473525538, पूर्ति निरीक्षक कडा 9161131301, पूर्ति निरीक्षक मंझनपुर 9451736687 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### 2 दिन हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता

**कौशांबी।** कानपुर बार एसोसिएशन के समर्थन में कौशांबी जिले के मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने 2 दिन हड़ताल में रहने का निर्णय लिया है 11 अप्रैल को कानपुर बार एसोसिएशन का पत्र मिलने के बाद अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में एक बैठक आयोजित की जिसमें तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि कानपुर बार एसोसिएशन का समर्थन किया जाएगा और कानपुर बार एसोसिएशन के समर्थन में कौशांबी के अधिवक्ता कानपुर पहुंचेंगे मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने बताया कि 12 अप्रैल वा 13 अप्रैल को कौशाम्बी के अधिवक्ताओं की हड़ताल रहेगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश को हड़ताल संबंधित पत्र देकर हड़ताल की अवधि में अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति में प्रतिकूल आदेश ना पारित करने के लिए आग्रह किया गया है।

# ट्रक और स्कूल बस में आमने सामने भिडंत

## कई स्कूली बच्चे घायल, पुलिस और ग्रामीणों ने बच्चो को भिजवाया अस्पताल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पतौना पुल के पास मंगलवार की सुबह एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहा तेज रफ्तार ओवरलोड बालू लदे हुए ट्रक ने सामने से आ रही स्कूल की बस में जबरदस्त टक्कर मार दी,टक्कर लगते ही स्कूल बस में बैठे बच्चे एक दूसरे पर गिर गए टक्कर लगते ही बस में चीख-पुकार मच गई जिसमे कई स्कूली बच्चे घायल हो गए,घटना के बाद पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस ने सभी घायल बच्चो को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया है वही ओवरलोड बालू लदे ट्रक के संचालन को रोक पाने में नाकाम प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में जबरजस्त आक्रोश व्याप्त है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रोड पर पतौना पुल के पास मंगलवार की सुबह एक स्कूल की बस बच्चो को लेकर स्कूल जा रही थी,तभी अचानक ओवरलोड बालू लोड कर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूल की बस में सामने से टक्कर मार



हादसे के बाद दुर्घटना की जानकारी देते बच्चे

दिया टक्कर लगते ही स्कूल बच्चे एक दूसरे पर चढ़ गए इस हादसे के बाद बस के अंदर चीख-पुकार मच गई टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बच्चों को बस से बाहर निकाला जिसमे कई बच्चों को चोट आई है ,वही बस का चालक भी घायल हो गया है,घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सभी घायल बच्चो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और ट्रक को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

# आदर्श नगर पंचायत की बस्ती में पानी के लिए कोहराम, जिम्मेदार बने धृतराष्ट्र

## न पानी की सप्लाई लाइन, न हैंडपम्प की सुविधा, साइकिल और सिर पर ढो रहे पीने का पानी.....

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** बिजली पानी सड़क की सुविधा के लिए प्रत्येक सरकार कटिबद्ध होती है योगी सरकार जनता को हर वह सुविध उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रही है लेकिन सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों को जिस कार्य मे ज्यादा कमीशन मिलता है उस कार्य को प्राथमिकता देते है भले ही जनता परेशानी में जीवन गुजर बसर करे इनको योगी सरकार का तनिक भी खौफ नही है। नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 3 शांति नगर भैरव बाबा जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे भरत लाल मौर्या के दरवाजे पर नगर पंचायत ने अगस्त 2022 में ठेकेदार के द्वारा स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए नया बोर करवाया था। महज तीन-चार माह चलने के बाद बोर ने पानी देना बंद कर दिया। दर्जनों परिवार के लोगों ने बार-बार नगर पंचायत प्रशासन को लिखित शिकायती पत्र दिया लेकिन आज तक ध्वस्त बोर को चालू नहीं कराया गया। 3 वर्ष पहले लगभग दर्जनों परिवार को नगर



खराब हैंडपंप

पंचायत की ओर से प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया गया। जलकल की पाइप लाइन नहीं बिछने के कारण नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अगस्त 2022 में लोगों की प्यास बुझाने के लिए एक हैंड पम्प की व्यवस्था की गई। लेकिन लगने के बाद हैंडपंप खराब हो जाने से 4



पानी भरकर लाते लोग

माह से बूंद बूंद पानी के लिए नगर क्षेत्र के लोग तरस रहे हैं लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों को गरीब लोगों की समस्या पर तरस नहीं आ रही है। भारत लाल मौर्य, राकेश कुमार, बड़कू पाल, रामचंद्र मौर्य, मनोज कुमार, छोटकू आदि का कहना है कि




खराब पड़ी बोरिंग

साइकिल में डिब्बे टांग कर और सिर पर पानी भरे बर्तन रखकर 200 मीटर दूर से पानी भरकर लाते हैं। वही नगर पंचायत के जिम्मेदार केवल आश्वासन रूपी झुनझुना पकड़ा रहे हैं वार्डवासियों ने जिलाधिकारी से पीने का पानी के लिए गुहार लगाई है।

### शराब के साथ छः अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा कुल छः अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 99 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मैना निषाद पुत्र भैयालाल निवासी नन्दा का पुरवा थाना सरायअकिल के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब रामकरन पुत्र चन्द्रमान निवासी बेनीराम कटरा थाना सरायअकिल के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व सन्तोष कुमार पुत्र रामानन्द निवासी पड़रिया सुकवारा थाना सराय अकिल के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया। इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम भगन पुत्र देशराज न घोधपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर 12 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुड्डू पुत्र स्व0 रामगुलाम निवासी चरवा पश्चिम थोक थाना चरवा को 7 लीटर अवैध शराब के साथ चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सन्तोष कुमार सरोज पुत्र दयाराम सरोज निवासी उनि गड़ेरिया का पुरवा कोरियो थाना सैनी के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर चालान न्यायालय कर दिया है।

# नगर निकाय के चुनाव में खूब बिके नामांकन पत्र

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन पत्र दाखिल करना निर्वाचन आयोग ने शुरू कर दिया है पहले दिन ही जिले के तीनों तहसील क्षेत्र में नामांकन पत्रों की खूब बिक्री हुई है सुबह से ही नामांकन पत्र खरीदने वाले प्रत्याशियों की तहसीलों में लाइन लगी रही है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे नगर पालिका परिषद मंझनपुर में अध्यक्ष पद के 15 नामांकन पत्र बिके है सिराथू तहसील में कुल 85 नामांकन पत्र बिके है।तहसील चायल मे अध्यक्ष के कुल 30 एवं सदस्य के कुल 96 नामांकन पत्र बिके हैं। नगर पंचायत करारी में अध्यक्ष पद के तीन दावेदारों ने पर्चे खरीदे हैं और सदस्यों ने 5 पर्चे खरीदे हैं वहीं पूरब पश्चिम सरीरा नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के 3 दावेदारों ने और सदस्य पद के 27 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे है पहले दिन तीनों तहसीलों में नामांकन पत्र का दाखिला शून्य रहा है।

### छुट्टी में खुले रहेंगे अदेयता तथा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने वाले कार्यालय

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) जयचन्द्र पाण्डेय ने जनपद में नगरीय निकायों की अदेयता तथा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने वाले कार्यालयों को नामांकन अवधि में सार्वजनिक अवकाश दिवसों में खुले रहने के निर्देश दियें हैं, जिससे प्रत्याशियां को प्रमाण-पत्रों को प्राप्त करने एवं नामांकन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हों।

# कौशांबी युग दधीचि देहदानी रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी की तृतीय पुण्य तिथि पर हुआ गायत्री महायज्ञ का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद में सच्चे लोक सेवकों की श्रृंखला में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के जनपद कौशांबी के मुख्य ट्रस्टी रहे देहदानी स्व श्री रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी की तृतीय पुण्य तिथि पर उनके सुपुत्र सह प्रभारी युवा प्रकोष्ठ आचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी समाज को नई प्रेरणा देने के लिए पूज्य बाबूजी स्मृति में सैकड़ों लोगों तक निःशुल्क साहित्य का वितरण करने के साथ साथ अपनी ग्रामसभा लोकीपुर में गायत्री अनुष्ठान के साथ गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जिसमें कई परिजन शामिल हुए। देहदानी स्व. त्रिपाठी जी सरल व्यक्तित्व के धनी थे जो पूर्ण निष्ठा के साथ गायत्री परिवार से जुड़े थे साथ ही वो एक बैंक कर्मी भी थे। अखिल विश्व गायत्री के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी को अपना गुरुदेव मानते हुए व उनके आदर्शो पर चलते हुए उन्होंने 2018 में मरणोपरांत अपना शरीर बच्चों के अध्ययन हेतु मेडिकल कॉलेज को दान करने का संकल्प किया था। वर्ष 2020 में कोरोना काल के समय हृदय गति रुकने से उनका 13 अप्रैल को देहावसान हो गया था तत्पश्चात उनके संकल्प को पूर्ण करने हेतु उनके सुपुत्रों ने मेडिकल कॉलेज को शरीर दान कर दिया था। स्व. त्रिपाठी जी बैंक में कार्यरत रहते एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात हजारों घरों तक स्वाध्याय हेतु निःशुल्क साहित्य का वितरण कर उत्कृष्ट कार्य किए वहीं उनके जेष्ठ पुत्र कवि बृजेश्वर त्रिपाठी ने भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ का ऑडिट हेतु अमेरिका के न्यूयॉर्क व इटली जाकर भारत का गौरव बढ़ाया इन




देशों में कई बार यूनो का ऑडिट कार्य कर अपने कौशांबी जनपद का गौरव भी बढ़ाया है।तीन अन्य पुत्र भी शिक्षण कार्य से जुड़कर गायत्री परिवार के माध्यम से लोक सेवा युग निर्माण योजना के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु आयाम दे रहें हैं। विगत वर्ष निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने श्री त्रिपाठी जी के घर जाकर इनके परिजनों का सम्मान किया था और श्री त्रिपाठी को जनपद के पहले ग्रामीण देहदानी बताते हुए उनके नाम पर स्मृति रूप में कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने का भी आश्वासन दिया था। गायत्री महायज्ञ में उपस्थित लोगों ने देहदानी स्व. रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वीणाधर पांडेय राजेश्वर त्रिपाठी श्यामू त्रिपाठी घनश्याम सिंह गुलाब देवी त्रिपाठी उमेशचंद्र केशरवानी धर्मेंद्र सोनी संजय शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप पाण्डेय धर्मेंद्र सोनी सुरेशचंद्र शर्मा छत्रधारी सतीश प्रमोद व संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 108 एम्बुलेंस ने समय से पहुंचाया अस्पताल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पतौना पुल के पास सड़क पर जा रहे राहगीर को तेज गति वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं एंबुलेंस की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना परिजनों को दी गई है हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत पतौना पुल के पास मंगलवार सायं करीब 6:30 बजे किसी अज्ञात वाहन ने सड़क पर पैदल जा रहे शिव शंकर शुक्ला निवासी सेलरहा पश्चिम को टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को देखकर किसी राहगीर ने 108 एम्बुलेंस पर



फोन किया। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट विनोद यादव और ई एम टी शैलेन्द्र सिंह एम्बुलेंस को लेकर मौके पर पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर प्राथमिक उपचार करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

# साइबर क्राइम में कौशाम्बी पुलिस ने प्राप्त किया महारत अब सायबर अपराधियों की खैर नहीं

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज की प्रेरणा से पुलिस ऑफिस कौशाम्बी में 10 मार्च से चल रहे 02 दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यशाला का समापन आज दिनांक 11.04.2023 को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।गौरतलब हो कि पुलिस ऑफिस कौशाम्बी में दिनांक 10.04.2023 से साइबर अपराधों के सम्बन्ध में 02 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें भारत के प्रसिद्ध साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ0 रक्षित टण्डन द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों से लोगों को बचाने हेतु की जाने वाली महत्वपूर्ण कार्यवाहियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रत्येक थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया जिससे वे साइबर अपराधों के सम्बन्ध में थानों पर आने वाली शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण थाना स्तर ही कर सके। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि साइबर अपराधों से बचाव का एक मात्र माध्यम जागरुकता है अतः लोगों में साइबर अपराध के तरीकों तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किये जाए। जिसमें लोगों को अपना सीक्रेट पिन, ओटीपी, पासवर्ड तथा अन्य गोपनीय जानकारियां किसी से भी साझा न करने, किसी अनजान वीडियों कॉल न रिसीव करने, आदि के बारे में जानकारी दी जाए। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव व साइबर विशेषज्ञ डॉ0 रक्षित टण्डन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हे कार्यस्थल पर बेहतर प्रदर्शन के निर्देश दिये गए साइबर विशेषज्ञ द्वारा पुलिस कर्मियों को

**एसपी कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव व साइबर विशेषज्ञ डॉ0 रक्षित टण्डन द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र, पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में चल रही 02 दिवसीय साइबर जागरुकता प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन**




अत्याधुनिक साइबर अपराध से बचाव हेतु लोगो को जागरूग करने व किसी साइबर फ्राड के मामले में अनावरण के लिये बताया गया कि रटर की सत्यता की जाँच करना, ऑनलाइन शापिंग से बचाव, गुगल पे/फोन पे/पेटीएम से सावधानी पुर्वक भुगतान करने के सम्बन्ध में, इन्स्टाग्राम/फेसबुक/व्हट्सअप हैक होने पर क्या करें, विक्टिम के साथ फ्राड होने पर पुलिस अधिकारी के रूप में विक्टिम से कौन कौन सी जानकारी ले, साइट्रेन के बारे में बताया गया कि साइट्रेन के माध्यम से किस तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें, आदि जानकारी दी गयी।

# ईर्ष्या से आगे बढ़ने का विचार कभी सुखद नहीं होता

-: ललित गर्ग-

**यह बड़ा सत्य है** कि स्वार्थी एवं संकीर्ण समाज कभी सुखी नहीं बन सकता। इसलिए दूसरों का हित चिंतन करना भी आवश्यक होता है और उदार दृष्टिकोण भी जरूरी है। इसके लिए चेतना को बहुत उन्नत बनाना होता है। अपने हित के लिए तो चेतना स्वतः जागरूक बन जाती है, किन्तु दूसरों के हित चिंतन के लिए चेतना को उन्नत और प्रशस्त बनाना पड़ता है। लेकिन ऐसा नहीं होता। इसका कारण है मनुष्य की स्वार्थ चेतना। स्वार्थ की भावना बड़ी तीव्र गति से संक्रान्त होती है और जब संक्रान्त होती है तो समाज में भ्रष्टाचार, गैरजिम्मेदारी एवं लापरवाही बढ़ती है। हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अधिकार है। संसार में किसी के लिए भेदभाव नहीं है। जिस प्रगति में सहजता होती है, उसका परिणाम सुखद होता है। किसी को गिराकर या काटकर आगे बढ़ने का विचार कभी सुखद नहीं होता, काटने का प्रयास करने वाला स्वयं कट जाता है।

प्रगतिशील समाज के लिये प्रतिस्पर्धा अच्छी बात है, लेकिन जब प्रतिस्पर्धा के साथ ईर्ष्या जुड़ जाती है तो वह अनर्थ का कारण बन जाती है। संस्कृत कोश में भी ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा में थोड़ा भेद किया गया है, पर वर्तमान जीवन में प्रतिस्पर्धा ईर्ष्या का पर्यायवाची बन गई है। उसके पीछे विभिन्न भाषाओं में होने वाला गलाकाट विशेषण का प्रयोग इसी तथ्य की ओर संकेत करता है।

ईर्ष्यालु मनुष्य में सुख का भाव दुर्बल होता है। उसकी इस वृत्ति के कारण वह निरंतर मानसिक तनाव में जीता है। उसके संकीर्ण विचार और व्यवहार से पारिवारिक और सामाजिक जीवन में टकराव और बिखराव की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। आचार्य श्री तुलसी ने ईर्ष्या को असाध्य मानसिक



व्याधि के रूप में प्ररूपित किया है, जिसका किसी भी मंत्र-तंत्र, जड़ी-बूटी व औषधि से चिकित्सा संभव नहीं है। ईर्ष्यालु मनुष्य स्वयं तो जलता ही है, दूसरों को जलाने का प्रयास भी करता है।

स्वामी रामतीर्थ ने ब्लैकबोर्ड पर एक लकीर खींची तथा कक्षा में उपस्थित छात्रों से बिना स्पर्श किए उसे छोटी करने का निर्देश दिया अधिकतर विद्यार्थी उस निर्देश का मर्म नहीं समझ सके। एक विद्यार्थी की बुद्धि प्रखर थी। उसने तत्काल खड़े होकर उस लकीर के पास एक बड़ी लकीर खींच दी। स्वामी रामतीर्थ बहुत प्रसन्न हुए। उनके प्रश्न का सही समाधान हो गया। दूसरी लकीर अपने आप छोटी हो गई। उन्होंने उस विद्यार्थी की पीठ थपथपायी और उसे आशीर्वाद दिया। रहस्य समझाते हुए उन्होंने कहा-अपनी योग्यता और सकारात्मक सोच से विकास करते हुए बड़ा बनना चाहिए। किसी को काटकर आगे बढ़ने का विचार अनुचित और घातक है।कभी हम अवसरों का इंतजार कर रहे होते हैं तो कभी नतीजों का। ये इंतजार जितना लंबा होता है, बेचैनी उतनी बढ़ती जाती है। पर यहीं जरूरत होती है, चलते रहने की, काम करने की, और नया सीखने की। कवि युआन वूल्फंग वॉन गोइठा कहते हैं कि मायने इस बात के नहीं हैं कि लक्ष्य हासिल करके हमें क्या मिला? मायने इस बात के हैं कि हम उन्हें हासिल करने की प्रक्रिया में क्या बन गए हैं?

हम अपने मन की कम जीते हैं, दूसरों की परवाह ज्यादा करते हैं। यही वजह है कि हम अकसर नाखुश दिखते हैं। तो क्या करें? कहा जाता है कि हमेशा अच्छे मकसद के लिए काम करें, तारीफ पाने के लिए नहीं। खुद को जाहिर करने के लिए जिएं, दूसरों को खुश करने के लिए नहीं। ये कोशिश ना करें कि लोग आपके होने को महसूस करें। काम यूं करें कि लोग तब याद करें, जब आप उनके बीच में ना हों।

जब जिंदगी सही चल रही होती है तो हर चीज आसान लगती है। वहीं थोड़ी सी गड़बड़ होने पर हर चीज कठिन। या तो सब सही या सब गलत। संतुलन बनाना हमारे लिए मुश्किल होता है। लेखक जेम्स बराज कहते हैं, ह्यआज में जिएं। याद रखें कि वक्त कैसा भी हो, बीत जाता है। अपनी खुशी और गम दोनों में खुद पर काबू रखें ह्ल

तरक्की की यात्रा अकेले नहीं हो सकती। जरूरी है कि आप अपने साथ दूसरों को भी आगे ले जाएं। उनके जीवन पर अच्छा असर डालें। इसके लिए बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं होती। कितनी ही बार आपकी एक हंसी, एक हामी, छोटी सी मदद दूसरे का दिन अच्छा बना देती है। अमेरिकी लेखिका माया एंजेलो कहती हैं,ह्यजब हम खुशी से देते हैं और प्रसाद की तरह लेते हैं तो सब कुछ वरदान ही है ह्ल सामुदायिक चेतना और सकारात्मकता का विकास हो, सबका प्रशस्त चिंतन हो, स्वयं और समाज के संदर्भ में तब कहीं जाकर समाज का वास्तविक विकास होता है। आज राष्ट्र का और पूरे विश्व का निरीक्षण करें, स्थिति पर दृष्टिपात करें तो साफ पता चल जाएगा कि लोगों में स्वार्थ की भावना बलवती हो रही है। लेकिन मनुष्य की मनोवृत्ति है कि वह ईर्ष्यालु होता है।

आपके अपने जब आपसे ज्यादा तरक्की करने लगते हैं, जिंदगी में आगे बढा. रहे होते हैं तो आप अच्छा महसूस नहीं करते हैं और ये कसक होती है कि ऐसा हमारे साथ क्यों नहीं हुआ? कैसे इस ईर्ष्या को कम करें, थ्री इडियट फिल्म का एक लोकप्रिय संवाद था, अगर आपका दोस्त फेल होता है तो आपको बुरा लगता है, पर वही दोस्त अगर फर्स्ट आता है तो और भी बुरा लगता है।

मानव व्यवहार के इस आयाम पर मनोवैज्ञानिक सलाहकार डॉ. दीपाली एस कहती हैं, ह्यजो आपके बहुत निकट होते हैं, उनका दुख चोट पहुंचाता है। अगर परिवार का कोई सदस्य या दोस्त मुसीबत में हो तो आप तुरंत उसकी मदद को पहुंच जाते हैं। पर जब वह तरक्की करता है, आपसे ज्यादा कमाने लगता है तो अधिकांश लोगों की सोच बदलने लगती है। यह एक मानवीय गुण है कि हम हमेशा अपने आपको दूसरों से आगे देखना चाहते हैं। चाहते हैं कि आसपास सबसे अधिक इज्जत हमारी हो। हमारे दिमाग में यह बात घर कर गई है कि जो ज्यादा कमाता है, अच्छी जीवनशैली जीता है, परीक्षा में अव्वल आता है, वो सफल है। जबकि हमें जिंदगी की सफलता दूसरी बातों में ढूंढ़नी चाहिए ह्ल

जिंदगी के इस फलसफे के बारे में प्रसिद्ध चिंतक एलेक्स टर्नबुली कुछ इस तरह से कहते हैं, ह्यमैं कुछ सालों पहले तक हर उस व्यक्ति को अपना दुश्मन मानता था, जो मुझसे अधिक सफल था। मैंने इस चिंता में बहुत कुछ गंवा डाला। हर वक्त दिमाग में यही झंझावात चलता कि किस तरह मैं दूसरों से आगे निकल सकूं। इस दौड़ ने मुझे कहीं का नहीं रखा। मेरे साथ ना दोस्त रहे ना परिवार वाले। फिर एक दिन यह समझ में आया कि अपना सबसे बड़ा दुश्मन तो मैं खुद हूं। उस दिन से पाया कि मेरे रिश्ते दूसरों से सुधरने लगे हैं। मैंने अपनी चिंता करनी छोड़ दी। इससे मेरा ध्यान दूसरे क्या करते हैं, इससे भी हट गया ह्ल

ईर्ष्या एक बहुत मानवगत भाव है। अमेरिकी मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. अल्बा रूपर्ड कहते हैं, ह्यअगर आप किसी से या किसी बात पर ईर्ष्या करते हैं तो यह कतई नहीं है कि आप खलनायक हो जाते हैं। पर यह समझना जरूरी है कि इस भाव को दूर कैसे रखा जाए।

## जन संपादकीय

### सम्मान निधि में सेंध, किसानों के हक का फजीर्वाड़ा दुर्भाग्यपूर्ण

यह विडंबना ही है कि चौतरफा चुनौतियां झेल रहे किसानों को राहत देने के लिये दी जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के आवंटन में चतुर-चालाकों ने फजीर्वाड़ा कर डाला। नियंत्रक व महालेखा परीक्षक यानी कैग की वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें उल्लेख है कि हरियाणा में ह्यप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिह्ल योजना में करीब 38 हजार 105 अयोग्य किसानों ने सरकार के करीब चालीस करोड़ से अधिक रुपये डकार लिये। फिलहाल यह जानकारी प्रधानमंत्री किसान पोर्टल के जरिये जुटायी गई है। जमीनी स्तर पर यदि मामले की पड़ताल हो तो फजीर्वाड़े के दायरे में निश्चित रूप से विस्तार पाया जायेगा। यदि देश के सभी राज्यों में इस दिशा में गंभीर जांच-पड़ताल हो तो फजीर्वाड़े का आकार बड़ा हो सकता है। यह विडंबना रही है कि देश का असली किसान ऑनलाइन व्यवस्था व नई आर्थिकी को लेकर ज्यादा जानकार व जागरूक नहीं रहा है। कभी वह सूदखोरों, बिचौलियों तथा आढ़तियों की चपेट में रहा है तो अब नये जमाने के पढ़े-लिखे ठगों ने किसानों के हक का दोहन करना शुरू कर दिया है। जाहिर है यह मामला सिर्फ अयोग्य किसानों का ही नहीं है। तंत्र की काली भेड़ें भी इस घपले में शामिल हो सकती हैं। बिना विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों की शह के ऐसा संभव नहीं है कि कोई वास्तविक जरूरतमंद किसानों का हक हड़प ले। एक बात तो तय है कि जब से किसानों को राहत-मुआवजा व सब्सिडी राशि ऑनलाइन सिस्टम के जरिये मिलने शुरू हुई है किसी हद तक धांधलियों पर रोक लगी है। अन्यथा पहले तो बिचौलियों के पौ-बारह बने रहते थे। किसानों का अंगूठा लगाकर बिचौलिये दशकों तक मौज करते रहे हैं। देश की निरक्षरता का स्तर उनके लिये वरदान साबित हुआ करता था। हालांकि, अब देश में साक्षरता की दर में सुधार और नई पीढ़ी के किसानों की जागरूकता से ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों पर लगाम लगाने में मदद मिल सकी है। लेकिन अभी इस दिशा में पारदर्शी व्यवस्था बनाने हेतु गंभीर प्रयासों की जरूरत है।

निस्संदेह, किसानों को राहत देने को बनी योजनाओं में फजीर्वाड़ा हमारी व्यवस्था की खामियों की ओर इशारा करता है, वहीं हमारे समाज में नैतिक पतन की स्थिति को भी दशार्ता है। आखिर कितना पैसा आता है सम्मान राशि में और इतने पैसे से लोग कितने समय तक फायदा ले सकते हैं? जाहिर बात है कि यह राशि कोई बहुत बड़ी रकम नहीं है, मगर किसान को सम्मानजनक ढंग से थोड़ी राहत देने की कोशिश जरूर है। समाज मे नैतिक पराभव की स्थिति देखिये कि कुछ लाभार्थियों ने पत्नी व नाबालिग बच्चों के नाम से भी पैसे ले लिये। उनके आधार कार्ड का भी दुरुपयोग किया गया है। विडंबना देखिये कि करीब 38 हजार से अधिक ऐसे किसान थे, जो आयकरदाता थे, इसके बावजूद उन्हें 38 हजार करोड़ का भुगतान किया गया। मामले का खुलासा होने के बावजूद रुपये वापस लौटाने वालों की संख्या बेहद कम है। निस्संदेह, तंत्र की काहिली के अतिरिक्त यह मानवीय मूल्यों के क्षरण का भी ज्वलंत उदाहरण है। अकसर सरकारों पर किसानों के दोहन के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन अब समाज में ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो सरकार का दोहन करने में पीछे नहीं रहते। ऐसे वक्त में जब तकनीकी उन्नति से व्यवस्था के छेदों पर लगाम लगने लगी है, तो सरकारों को भी फुलप्रूफ व्यवस्था की ओर बढ़ना चाहिए। जो किसान वास्तव में जरूरतमंद हैं उनकी पहचान करके ही मदद की जानी चाहिए। कई अन्य योजनाओं के बारे में भी पारदर्शी व सुरक्षित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसी भी तरह के दुरुपयोग की गुंजाइश न रह जाये। हालांकि, वर्ष 2020 में ही केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को पत्र जारी करके स्पष्ट कर दिया था कि यदि किसी अयोग्य व्यक्ति को किसान सम्मान निधि का पैसा दिया जाता है तो उसकी रिकवरी की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होनी चाहिए। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि गलत तरीके से ली गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में से केवल दस फीसदी के करीब रकम अयोग्य लोगों से वापस ली जा सकी है।

### सजगता ही उपचार

एक बार फिर कोरोना संक्रमण में तेजी की खबरें चिंतित तो करती हैं लेकिन अब घबराने जैसी स्थिति नहीं है। एक तो सवा दो अरब टीकों से हासिल रोग प्रतिरोधक क्षमता है, वहीं भारतीयों की प्राकृतिक इम्यूनिटी भी इसके मुकाबले भारी पड़ेगी। हम दशकों से इस तरह के संक्रामक रोगों का मुकाबला करते रहे हैं। अब हमारे पास पहली-तीसरी और घातक दूसरी लहर से मुकाबले का अनुभव भी है। जरूरत इस बात की है कि हम कोरोना प्रोटोकॉल और व्यक्तिगत स्तर पर सफाई, सुरक्षित शारीरिक दूरी व भीड़-भाड़ से बचने के परंपरागत उपायों का पालन ईमानदारी से करें। हमें एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका परिवार से लेकर समाज के स्तर तक निभानी हैं। दूसरी ओर सामाजिक दायित्वों का भी हमें विशेष ध्यान रखना है, ताकि वंचित समाज का कोई व्यक्ति भूख व बीमारी से पीड़ित न रह जाये। यह ठीक है कि कोराना का वायरस लगातार रूप बदल रहा है और इस बार नये वेरिएंट एक्सबीबी-1.16 का प्रकोप है। लेकिन हमारे पास पिछली लहरों से हासिल व्यापक अनुभव हैं। साथ ही इसके महामारी जैसा रूप लेने की संभावनाएं क्षीण हैं। लेकिन फिर भी यह नहीं मान लेना चाहिए कि यह संकट पूरी तरह टल गया है। रोज छह हजार से अधिक मामले आ रहे हैं और आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह संख्या मई तक बीस हजार प्रतिदिन भी हो सकती है। ऐसे में बचाव के लिये अतिरिक्त सावधानी जरूरी हो जाती है। वैसे इस संक्रमण से जुड़े कई सवाल आज भी अनुत्तरित ही हैं।

यह ठीक है कि नये संक्रमण से ग्रस्त रोगियों को बुखार, सिरदर्द, बेचैनी व गले में दिक्कत होती है, लेकिन दो-तीन दिन में ये ठीक भी हो जाते हैं। अस्पताल में लोगों को भर्ती कराने की जरूरत कम पड़ रही है। लेकिन इसका तेजी से फैलना चिंता पैदा करता है। यही वजह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार इसकी निगरानी की सलाह दे रहा है।  चिंता इस बात को लेकर भी है कि कहीं ज्यादा फैलने पर यह वायरस रूप बदलकर घातक न होने लगे। जिसके मद्देनजर केंद्र व राज्यों को अपने स्तर पर पूरी तैयारी रखनी चाहिए।

# भगवान शिव के पंचमुख स्वरूप का क्या है रहस्य बतायेगें ? शिव क्यों कहलाएं पंचमुखी ? ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता

शिव ने उत्पन्न किया जीवन, इसलिए कहलाएं पंचमुखी श्रृष्टि के आरंभ में जब कुछ नहीं था। तब प्रथम देव शिव ने ही श्रृष्टि की रचना के लिए पंच मुख धारण किएं। त्रिनेत्रधारी शिव के पांच मुख से ही पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, आकाश, पृथ्वी की उत्पत्ति हुईं। इसलिए श्री शिव के ये पांच मुख पंचतत्व माने गए हैं।ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की जगत के कल्याण की कामना से भगवान सदाशिव के विभिन्न कल्पों में अनेक अवतार हुए जिनमें उनके सद्योजात, वामदेव, तत्पुरुष, अघोर और ईशान अवतार प्रमुख हैं । ये ही भगवान शिव की पांच विशिष्ट मूर्तियां हैं ।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की भगवान शिव का विष्णुजी से अनन्य प्रेम है। शिव तामसमूर्ति हैं और विष्णु सत्त्वमूर्ति हैं, पर एक-दूसरे का ध्यान करने से शिव श्वेत वर्ण के और विष्णु श्याम वर्ण के हो गये ।

ऐसा माना जाता है कि एक बार भगवान विष्णु ने अत्यन्त मनोहर किशोर रूप धारण किया । उस मनोहर रूप को देखने के लिए चतुरानन ब्रह्मा, बहुमुख वाले अनन्त, सहस्त्राक्ष इन्द्र आदि देवता आए ।

उन्होंने एकमुख वालों की अपेक्षा भगवान के रूपमाधुर्य का अधिक आनन्द लिया । यह देखकर भगवान शिव सोचने लगे कि यदि मेरे भी अनेक मुख व नेत्र होते तो मैं भी भगवान के इस किशोर रूप का सबसे अधिक दर्शन करता । भगवान शिव के मन में इस इच्छा के उत्पन्न होते ही वे पंचमुख हो गए।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की पांच मुखों के कारण शिव कहलाते हैं पंचानन और पंचवक्त्र !भगवान शिव के पांच मुख–सद्योजात, वामदेव, तत्पुरुष, अघोर और ईशान हुए और प्रत्येक मुख में तीन-तीन नेत्र बन गए । तभी से वे पंचानन या पंचवक्त्र कहलाने लगे । भगवान शिव के पांच मुख चारों दिशाओं में और पांचवा मध्य में है।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की भगवान शिव के पश्चिम दिशा का मुख सद्योजात है । यह बालक के समान स्वच्छ, शुद्ध व निर्विकार हैं।

उत्तर दिशा का मुख वामदेव है । वामदेव अर्थात विकारों का नाश करने वाला ।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की दक्षिण मुख अघोर है । अघोर का अर्थ है कि निन्दित कर्म करने वाला । निन्दित कर्म करने वाला भी भगवान शिव की कृपा से निन्दित कर्म को शुद्ध बना लेता है ।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की भगवान शिव के पूर्व मुख का नाम तत्पुरुष है । तत्पुरुष का अर्थ है अपने आत्मा में स्थित रहना ।

ऊर्ध्व मुख का नाम ईशान है । ईशान का अर्थ है स्वामी ।

भगवान शंकर के पांच मुखों में ऊर्ध्व मुख ईशान दुग्ध जैसे रंग का, पूर्व मुख तत्पुरुष पीत वर्ण का, दक्षिण मुख अघोर नील वर्ण का, पश्चिम मुख सद्योजात श्वेत वर्ण का और



उत्तर मुख वामदेव कृष्ण वर्ण का है ।

शिवपुराण में भगवान शिव कहते हैं–सृष्टि, पालन, संहार, तिरोभाव और अनुग्रह–मेरे ये पांच कृत्य (कार्य) मेरे पांचों मुखों द्वारा धारित हैं ।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की भगवान शिव की पांच विशिष्ट मूर्तियां (मुख) विभिन्न कल्पों में लिए गए उनके अवतार हैं,जगत के कल्याण की कामना से भगवान सदाशिव के विभिन्न कल्पों में अनेक अवतार हुए जिनमें उनके सद्योजात, वामदेव, तत्पुरुष, अघोर और ईशान अवतार प्रमुख हैं ।

ये ही भगवान शिव की पांच विशिष्ट मूर्तियां (मुख) हैं । अपने पांच मुख रूपी विशिष्ट मूर्तियों का रहस्य बताते हुए भगवान शिव माता अन्नपूर्णा से कहते हैं–ब्रह्मा मेरे अनुपम भक्त हैं । उनकी भक्ति के कारण मैं प्रत्येक कल्प में दर्शन देकर उनकी समस्या का समाधान किया करता हूँ ।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की श्वेतलोहित नामक उन्नीसवें कल्प में ब्रह्मा सृष्टि रचना के ज्ञान के लिए परब्रह्म का ध्यान कर रहे थे । तब भगवान शंकर ने उन्हें अपने पहले अवतार सद्योजात रूप में दर्शन दिए । इसमें वे एक श्वेत और लोहित वर्ण वाले शिखाधारी कुमार के रूप में प्रकट हुए और सद्योजात मन्त्र देकर ब्रह्मा-जी को सृष्टि रचना के योग्य बनाया ।ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की रक्त नामक बीसवें कल्प में रक्तवर्ण ब्रह्मा पुत्र की कामना से परमेश्वर का ध्यान कर रहे थे । उसी समय उनसे एक पुत्र प्रकट हुआ जिसने लाल रंग के वस्त्र-आभूषण धारण किये थे । यह भगवान शंकर का वामदेव रूप था और दूसरा अवतार था जो ब्रह्माजी के जीव-सुलभ अज्ञान को हटाने के लिए तथा सृष्टि रचना की शक्ति देने के लिए था ।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की भगवान शिव का तत्पुरुष नामक तीसरा अवतारपीतवासा नाम के इक्कीसवें कल्प में हुआ । इसमें ब्रह्मा पीले वस्त्र, पीली माला, पीला चंदन धारण कर जब सृष्टि रचना के लिए व्यग्र होने लगे तब भगवान शंकर ने उन्हें तत्पुरुष रूप में दर्शन देकर इस गायत्री-मन्त्र का उपदेश किया–

तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रयोदयात ।

इस मन्त्र के अद्भुत प्रभाव से ब्रह्मा सृष्टि की रचना में समर्थ हुए!!!!!!

शिव नामक कल्प में भगवान शिव का अघोर नामक चौथा अवतार हुआ । ब्रह्मा जब सृष्टि रचना के लिए चिन्तित हुए, तब भगवान ने उन्हें अघोर रूप में दर्शन दिए । भगवान शिव का अघोर रूप महाभयंकर है जिसमें वे कृष्ण-पिंगल वर्ण वाले, काला वस्त्र, काली पगड़ी, काला यज्ञोपवीत और काला मुकुट धारण किये हैं तथा मस्तक पर चंदन भी काले रंग का है । भगवान शंकर ने ब्रह्माजी को अघोर मन्त्र दिया जिससे वे सृष्टि रचना में समर्थ हुए ।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की विश्वरूप नामक कल्प में भगवान शिव का ईशान नामक पांचवा अवतार हुआ । ब्रह्माजी पुत्र की कामना से मन-ही-मन शिवजी का ध्यान कर रहे थे, उसी समय सिंहनाद करती हुईं सरस्वती सहित भगवान ईशान प्रकट हुए जिनका स्फटिक के समान उज्ज्वल वर्ण था । भगवान ईशान ने सरस्वती सहित ब्रह्माजी को सन्मार्ग का उपदेश देकर कृतार्थ किया ।

भगवान शिव के इन पंचमुख के अवतार की कथा पढ़ने और सुनने का बहुत माहात्म्य है । यह प्रसंग मनुष्य के अंदर शिव-भक्ति जाग्रत करने के साथ उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूरी कर परम गति देने वाला है ।

# ऊंटों के संवर्द्धन, संरक्षण की दिशा में नायाब कदम!

राजस्थान का राज्य पक्षी 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' यानी कि गोडावण है। इस विशाल व राजस्थान के राज्य पक्षी को बचाने के लिए राजस्थान सरकार ने वर्ष 2013 जून में गोडावण संरक्षण के लिए 12 करोड़ 90 लाख रुपए का जीआईबीपी (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड प्रोजेक्ट) शुरू किया था और इस प्रोजेक्ट का ध्येय वाक्य था 'मेरी उड़ान न रोकें।' अब गोडावण के साथ ही रेगिस्तान का जहाज कहलाने वाला राज्य का प्रमुख पशु ऊंट जिसे डोमेस्टिक एनिमल के रूप में संरक्षित श्रेणी में रखा गया है, पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। कुल मिलाकर राजस्थान के हरेक गांव-खेतों में पाये जाने ये पशु आज गोडावण की राह पर चलता प्रतीत होता है और इनकी संख्या में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। यदि राज्य के इस प्रमुख पशु( रेगिस्तान के जहाज ऊंट) के संरक्षण की ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो हो सकता है कि यह विशालकाय पशु( ऊंट) डायनोसोर( विशालकाय जीव) और मॉरीशस के डोडो( पक्षी) की तरह हमारी आने वाली पीढ़ियां इसे इंटरनेट, किताबों व कल्पनाओं में ही देख,सोच पाएगी। आंकड़े. बताते हैं कि जैसलमेर सहित आज प्रदेशभर में ऊंटों की संख्या घटी है। जानकारी देना चाहूंगा कि राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जैसे रेगिस्तानी जिलों में सबसे ज्यादा ऊँट पाए जाते हैं जबकि, इनकी सबसे कम संख्या राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में है। बीकानेर के जोहारबीड़ में सेंट्रल कैमल ब्रीडिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थित है। ऊंट रेगिस्तानी इको सिस्टम का एक महत्वपूर्ण घटक है। इसकी अनूठी जैव-भौतिकीय विशेषताएं होने के कारण ही यह शुष्क, अर्द्ध शुष्क और अति शुष्क क्षेत्रों की विषमताओं के बीच भी जीवन का अनुकूलन कर लेता है।आंकड़े.बताते हैं कि भारत के समस्त ऊंटों (2.5 लाख) का 85.2 प्रतिशत भाग राजस्थान में पाया जाता है तथा राजस्थान की कुल पशु-सम्पदा में ऊँटों की संख्या 0.36 प्रतिशत है। जानकारी देना चाहूंगा कि राजस्थान सरकार ने 30 जून 2014 को ऊँट को इनकी घटती संख्या को देखते हुए राजस्थान के राज्य पशु का दर्जा दिया था, जिसकी घोषणा 19 सितम्बर 2014 को बीकानेर में की गई थी। वैसे तो राजस्थान का राज्य पशु चिंकारा है, लेकिन ऊंट को भी विशेष स्थान दिया गया है। यदि हम ऊंटों की प्रमुख नस्लों की बात करें तो इनमें क्रमशः गोमठ ऊँट, नाचना ऊँट, जैसलमेरी ऊँट, अलवरी ऊँट, सिंधी ऊँट, कच्छी ऊँट और बीकानेरी ऊँट को शामिल किया जा सकता है।राजस्थान के लोकदेवता पाबूजी को 'ऊंटो का देवता' भी कहते है और ऊंट के बीमार होने पर पाबूजी की पूजा की जाती है। राजस्थान के बहुत से गांवों में पाबूजी के थान( मंदिर) देखने को मिलते हैं। वैसे तो राजस्थान के हरेक गांवों में ऊंट देखने को मिल जाते हैं लेकिन आजकल चारे के अभाव, पहले की तुलना में गांवों में आजकल जगह की कमी( आधुनिकता के कारण), गांवों का शनैः शनैः शहर में तब्दील होना,पानी की कमी, चरागाहों का अभाव, खेती में आधुनिक तकनीक के साथ ट्रैक्टर, थ्रेसर, मशीनों का अधिकाधिक प्रयोग आदि के कारण ऊंट पालने की ओर ग्रामीणों का रूझान निरंतर कम हो रहा है। वैसे, राजस्थान में ऊँट पालने के लिए रेबारी और देबासी जाति प्रसिद्ध है। लेकिन पहले ऊंट हरेक गांव-घरों, खेत-खलिहान में दिखते थे, आजकल धीरे धीरे कम हो गये हैं। ऊंट खेजड़ी के पत्ते( जिसे स्थानीय भाषा में लूंग कहा जाता है) व पाला( झाड़ी/बेर के पत्ते) बड़े चाव से खाता है लेकिन आजकल खेतों में खेजड़ी के वृक्ष सूख रहे हैं, उनमें कीड़ा लग रहा है, खेतों में पहले की तुलना में झाड़ियां भी कम हो गई हैं, फलस्वरूप चारे की कमी हो गई है, इसलिए भी कहीं न कहीं ऊंटों पर संकट आया है।शहरों में तो वैसे भी चारे की दिक्कत है और ऊंटों को रखने के लिए खुला बड़ा स्थान, पानी वगैरह भी पर्याप्त चाहिए होता है, जिसके लिए बहुत सी परेशानियों, दिक्कतों का सामना पशुपालकों को करना पड़ता है। बीते कुछ सालों में अवैध शिकार, बीमारी और उपयोगिता में कमी आने के कारण इनकी संख्या लगातार कम हो रही है।पहले गांवों में चारागाह और गोचर होते थे, आज इन पर अतिक्रमण का साया है। कृषि विभाग के मुताबिक पूरे राज्य में कुल 17 लाख हेक्टयर चारागाह भूमि बची है। आज ऊंटों को दूसरे राज्य में ले जाने पर भी कई तरह की पाबंदियां लगी हैं। 2015 में राजस्थान ऊंट वध का प्रतिषेध व निर्यात का विनियमन कानून बनने के बाद उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब से आने वाले खरीददार हर साल कम हो रहे हैं। यह भी ऊंट पालकों के समक्ष कहीं न कहीं एक समस्या भी है, क्यों कि ऊंटों को आसानी से एक राज्य से दूसरे राज्यों में बिक्री के लिए लाने-ले जाने में अनेक प्रकार की दिक्कतें आ रही हैं।ऊंटों की तस्करी, बाहर ले जाने पर रोक और उपयोगिता में कमी आने कारण प्रदेश में ऊंटों के अस्तित्व पर संकट आ गया है। 2012 पशुगणना के मुताबिक राज्य में 3.26 लाख ऊंट थे। 2017 की पशु गणना के अनुसार इनकी संख्या 2.13 लाख ही रह गई है। हालांकि ऊंट पालक इस संख्या को 1.5 लाख तक ही मानते हैं। बीसवीं पशुगणना के अनुसार देश में 2,51,956 हैं, जबकि साल 2012 में हुई 19वीं पशुगणना के अनुसार 4,00,274 ऊंट थे।

## ऐसे करें दिन की शुरूआत, तो दिन बीतेगा सुखद

सुहानी रात के पश्चात दिन की शुरूआत खूबसूरत सुबह से होती है। अगर हमारी सुबह सुखद होगी तो सारा दिन अच्छा बितेगा। ज्योतिष शास्त्र में इसके लिए कुछ सिद्धांत निश्चित किए गए हैं जिससे सुबह की शुरूआत कैसे की जाए।ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की कुछ लोग सुबह उठते ही भगवान का नाम लेना पसंद करते हैं या अपनी हथेली का दर्शन करना अथवा किसी ऐसे व्यक्ति का चेहरा देखना पसंद करते हैं जिसके बारे में उनका मानना होता है की उसे देख कर दिन अच्छा गुजरेगा आदि।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की हमारे बुजुर्ग सुबह घर से निकलते समय दही खाते थे क्योंकि दही को पवित्र माना गया है। दही में इतने गुण होते हैं जिसके खाने से शरीर को बीमारीयों से लड़ने की शक्ति तो मिलती ही है साथ ही तन मन में सकारात्मकता का संचार होता है और नकारात्मकता का नाश होता है। शायद इसी कारणवश कोई भी पूजन दही के अभाव में अधूरी है। ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की सुबह स्नान के बाद घर के आंगन या देवालय में लगे तुलसी के पौधे की गंध, फूल, लाल वस्त्र अर्पित कर पूजा करें। फल अथवा मिष्ठान का भोग लगाएं। धूप व दीप जलाकर उसके नजदीक बैठकर तुलसी की ही माला से तुलसी गायत्री मंत्र का श्रद्धा से सुख की कामना से कम से कम 108 बार स्मरण कर अंत में तुलसी की पूजा करें तत्पश्चात तुलसी के पत्तों का सेवन स्वयं भी करें और परिवार के सभी सदस्यों को भी करवाएं। ऐसा करने से बहुत से रोगों से बचाव होता है।

## बुविवि की महाविद्यालयों में चल रही परीक्षाओं का टीम ने लिया जायजा

### शासन की मंशानुसार परीक्षा कराने को टीम संकल्पित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नोडल अधिकारी डॉ दुर्गेश शुक्ला ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से आयोजित परीक्षा निर्धारित केन्द्रों में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में शासन की मंशानुसार नकल विहीन और सुचितापूर्ण माहौल में परीक्षायें कराने का संकल्प दोहराया।



मंगलवार को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से गठित जिला स्तरीय नोडल टीम प्रमुख डॉ दुर्गेश शुक्ला प्राचार्य राजकीय डिग्री कॉलेज मानिकपुर व प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुवेर्दी महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ ने सवेरे आठ बजे सूरजभान शिव बालकराम महाविद्यालय बरगढ़ का निरीक्षण किया। इस केंद्र अतिरिक्त केंद्राध्यक्ष की मौजूदगी में परीक्षा चल रही थी। वरिष्ठ केंद्र अध्यक्ष किसी कारण से बाद मे हाजिर हुए। टीम प्रमुख डॉ दुर्गेश शुक्ला ने निर्देश दिये कि परीक्षार्थियों को पानी की समुचित व्यवस्था करें। इस केंद्र में होने वाले विभिन्न केंद्रों के परीक्षार्थियों को आपस में मिलाकर कर बैठाएं। श्री शंकर भगवान इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी मऊ का भी निरीक्षण किया। इस केंद्र में स्टैटिक डॉ एस कुरील मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में परीक्षा सुचारू रूप से चल रही थी, प्रकाश व्यवस्था और बेहतर करने को डॉ शुक्ला ने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए।

इसी क्रम मे नोडल केंद्र महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ का भी निरीक्षण किया। स्टैटिक मजिस्ट्रेट डॉ धीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में परीक्षा सुचारू रूप से हो रही थी। सीपी गौतम महाविद्यालय तेंदुआखुर्द, देऊंधा, रामनगर का निरीक्षण किया। स्टैटिक मजिस्ट्रेट डॉ बृजेश कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में परीक्षा सुचारू रूप से हो रही थी। ज्ञात है कि नकल विहीन परीक्षा कराने को चार सदस्यीय टीम लगातार महाविद्यालय का भ्रमण कर परीक्षा का जायजा ले रही है, ताकि किसी भी दशा में शासन की मंशा की अवहेलना न हो सके। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों में अपने स्तर से स्टैटिक मजिस्ट्रेटो की तैनाती भी की है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से आयोजित परीक्षा दो पालियों मे प्रथम पाली आठ से 11 बजे तक व द्वितीय पाली दो से शाम पांच बजे तक 29 मार्च से शुरू होकर 30 मई तक चलेगी।

## ओवरलोडिंग में यातायात प्रभारी ने चार वाहन किये सीज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार चैधरी की अगुवाई में यातायात पुलिस ने कर्वी शहर में वाहनों की जांच की। जांच दौरान ओवरलोडिंग में चार वाहनों को सीज किया। ओवरलोड व अवैध खनन परिवहन की बाबत संबंधित को आख्या भेजकर आवश्यक कार्यवाही को कहा है।



मंगलवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने टैम्पो की जांचकर चालकों को कडे निर्देश दिये कि शहर में निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें। ओवरलोड सवारी न बैठायें। सवारी उतारते-चढाते समय वाहन को सडक किनारे खडा करें। दो व चारपहिया वाहन चालकों को हेलमेट/सीटबेल्ट लगाने, ओवर स्पीड न चलाने एवं हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने को कहा।

उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। जांच दौरान मालवाहक वाहनों की भी जांच की। यातायात नियमों के बारे में बताकर पालन करने के प्रति जागरूक किया। यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया। धीमी गति से वाहन चलाने के निर्देश दिये। जांच दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, तीन सवारी, बिना हेलमेट/सीटबेल्ट, ओवरस्पीड वाहनों का ई-पेंडिंग चालान किया।

## पेराई सत्र 2022-23 में 3 अप्रैल तक खरीदे गये गन्ना मूल्य का भुगतान हुआ

**अफजलगढ़। द्वारिकेश** शुगर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई बहादरपुर ने पेराई सत्र 2022-23 में 3 अप्रैल तक खरीदे गये गन्ना मूल्य का भुगतान किया। चीनी मिल बहादरपुर ने गत पेराई सत्र 2021-22 की एसएपी की दर से दिनांक 28-3-23 से 3-4-23 तक खरीदे गये गन्ने का गन्ना मूल्य 14 करोड़ 45 लाख 43 हजार का भुगतान सम्बन्धित समितियों को भेज दिया है। द्वारिकेश चीनी मिल के अध्यासी एसपी सिंह ने बताया कि बहादरपुर इकाई ने सत्र 2022-23 का दिनांक 3 अप्रैल 2023 तक क्रय किए गये गन्ने का गन्ना मूल्य 346 करोड़ 88 लाख 34 हजार का भुगतान सम्बन्धित गन्ना समितियों में भेज दिया। एसपी सिंह ने किसानो से अनुरोध किया कि वे चीनी मिल को जड़,पत्ती,अगोला,मिट्टी रहित ताजा गन्ने की आपूर्ति करें।

## नाबालिग के साथ ट्रैक्टर चालक ने किया दुष्कर्म

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर में दुराचार की घटना अंजाम दी है।

ये घटना सोमवार को देर शाम हुई। बताया गया कि ट्रैक्टर चालक पहाडी थाना क्षेत्र के नांदीतौरा गांव का मुन्ना रलिहा पुत्र जगदीश अपना ट्रैक्टर लेकर पहाडी थाना क्षेत्र के किसी गांव में गल्ला लेने गया था। वहां से एक 12 वर्षीय नाबालिग बालिका को ट्रैक्टर में बैठाकर ले आया। उसके माता-पिता चिल्लाते रहे कि उसे भी बैठा लें।

ट्रैक्टर में ही चालक ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। पीडिता के माता-पिता की तहरीर पर पहाडी थाना में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्जकर लिया गया है। मामले की जांच थानाध्यक्ष नरेन्द्र नागर कर रहे हैं।

## प्रोजेक्ट मैनेजर के लापरवाही बरतने पर डीएम ने लगाई पांच लाख की पैनाल्टी, डीएम ने सिलौटा वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जल जीवन मिशन योजना के तहत अतरसुई गांव के पास सिलौटा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने औचक निरीक्षण कर सीएलएफ, फिल्टर हाउस, केमिकल हाउस, फिल्टर मीडिया, इनलेट, स्विचऑर्ड, पंप हाउस, फ्लोरिन बिल्डिंग, सीडब्ल्यू, ट्रांसफॉर्मर डीजी, कैस्केड एयरटेर आदि के कार्यों की जानकारी लेकर विस्तृत चर्चा की।



मंगलवार को उन्होंने एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि यह योजना भारत सरकार व राज्य सरकार की है। मैन पावर बढ़ाकर तेजी से कार्य कराएं। 25 गांव को पानी देना है, इस बारे में जानकारी लेकर कहा कि स्कूल, आंगनबाडी, पंचायत भवन, सब सेंटर जहां हैं, वहां भी कनेक्शन दिये जाए। स्कूलों को दो पाइप कनेक्शन दिये जाए। जल जीवन मिशन के तहत जिले में तीन बड़ी प्रमुख परियोजनाओं में से सिलौटा एक है, जो 77 गांवों को जल पहुंचाने को बनाई जा रही है। इस परियोजना में इंटेकवेल यमुना नदी पर बन रहा है, जबकि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अतरसुई गांव के पास जो कि 11 किमी दूर है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे पूर्ण करना प्राथमिकता में है। प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि दिन-रात कार्य चल रहा है। जल्द वाटर ट्रीटमेंट के बाद क्लियर वाटर राइजिंग मेन की टेस्टिंग का कार्य शुरू होगा। राज्य और भारत सरकार मिलकर जल जीवन मिशन स्कीम जिले की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के निदान की बड़ी योजना है। इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के हर घर जल से मिलना है। जिले के गांवों में एचडीपी एवं जीआई पाइप से पानी के पाइपलाइन बिछाये जा रहे हैं। उनसे पाइप वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है। इन लाइनों को जोन वाइज बने ओवरहेड टैंक से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी ने सिलौटा में ही चांदीबांगर और रैपुरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति की बाबत चर्चा की। उन्होंने इंटकबेल के तहत सिक्किग, ट्रांसफार्मर डीजी, अप्रोच बीच, फिल्टर हाउस, सब स्टेशन आदि के बारे में चर्चा की। उन्होंने रैपुरा इंटेकवेल के तहत कराए कार्यों की प्रगति धीमी होने पर एक्सईएन अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) संजय कुमार गुप्ता को निर्देश दिया कि जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री निवासन के कार्य में लापरवाही बरतने पर पांच लाख की पैनाल्टी लगाएं। उन्होंने कहा कि जो कमेंट करते हैं उसको फॉलो नहीं करते हैं। जो वीक पॉइंट है, उस पर मैन पावर व जेसीबी बढ़ाकर कार्य को जल्द संपन्न कराएं। टीपीआई को निर्देश दिये कि सेकेंड फेज में कितने किमी गैप है एवं कितने दिन में पूरा होगा, उसका सर्वेक्षण कर बतायें।

इस मौकेपर एडीएम नमामिगंगे सुनंदू सुधाकरण, एक्सईएन जल निगम ग्रामीण संजय कुमार गुप्ता, एक्सईएन जल निगम (विद्युत यांत्रिक) सुमित कुमार, एनटी प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र तिवारी, जीवीपीआर प्रोजेक्ट मैनेजर श्री निवासन राव समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान सभा का है गौरवशाली इतिहास: रुद्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र किसान सभा राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र ने अखिल भारतीय किसान सभा के 88वें स्थापना दिवस पर कहा कि किसानों के गौरवशाली इतिहास को पढा-लिखा जाता है। जमीदारों के शोषण-उत्पीडन के खिलाफ किसानों को संगठित कर बडी लडाईयां अंग्रेजों के खिलाफ किसान सभा ने लडी हैं। हैदराबाद के नवाबों के खिलाफ तेलंगाना के किसान सशस्त्र आन्दोलन, पंजाब का कूका आन्दोलन, महाराष्ट्र में आदिवासियों का बर्ली आन्दोलन, करनाल का आन्दोलन, केरल में वायालार का आन्दोलन प्रमुख आन्दोलन हैं।



मंगलवार को का रुद्र प्रसाद मिश्र ने भारतीय किसान सभा का इतिहास बताते हुए कहा कि किसान सभा का आन्दोलन स्वामी सहजानन्द सरस्वती की अगुवाई में बिहार से शुरू हुआ था। सहजानन्द ने किसानों पर जमीदारों के होने वाले जुल्म के खिलाफ 1929 में बिहार प्रान्तीय किसान सभा का गठन कर धीरे-धीरे किसानों का आन्दोलन परवान चढता गया। अप्रैल 1935 में किसान नेताओं एनजीरंगाराव और तत्कालीन भारतीय फेडरेशन किसानों के मसीहा नम्बूदरीपाद ने अखिल भारतीय किसान सभा के गठन का सुझाव दिया। 11 अप्रैल 1936 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लखनऊ सत्र में इसमें समाहित हो गये।

उन्होंने बताया कि स्वामी सहजानन्द, एनजीरंगा, नम्बूदरी पाद, करीनन्द शर्मा, यमुना कर्जी, यदुनन्दन शर्मा, राहुल सांस्कृत्यायन, पीसुन्दरइया, राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेन्द्र देव, बंकिम मुखर्जी जैसे लोग शामिल थे। अगस्त 1936 में जारी किसान घोषणा पत्र में जमीदार प्रणाली को खत्म करने और ग्रामीण ऋणों को रद्द करने की मांग की गई।

## महिला शिक्षा को ज्योतिबा फुले ने चलाये थे आन्दोलन: नरेन्द्र कश्यप

### भाजपा ने ज्योतिबा फुले की धूमधाम से मनाई जयंती- समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि/जिले के प्रभारी मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सम्पूर्ण जीवन पिछड़ों, दलितों, वंचितों के कल्याण को समर्पित किया था। ज्योतिबा फुले ने महिला शिक्षा के विशेष प्रयास किए थे।



मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि महात्मा फुले ने अछूतोद्धार को सत्यशोधक समाज स्थापित किया था। यह भाव देखकर 1888 में उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई थी। महात्मा फुले एक महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक थे। 1840 में उनका विवाह सावित्री बाई से हुआ था। जब देश में जाति-प्रथा वीभत्स रूप में फैली हुई थी, स्त्रियों की शिक्षा को लेकर लोग उदासीन थे। ऐसे में महात्मा फुले ने समाज को इन कुरीतियों से मुक्त करने को बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाए। महापुरूषों का सम्मान भाजपा ही कर रही है। पिछडो को वास्तविक हक भाजपा की सरकार में मिला है। भाजपा सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास और सबका विकास की नीति पर कार्य करती है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों से कार्यकर्ता जनसंवाद करके संगठन को मजबूत कर रहे हैं। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अपने निर्णयों और नीतियों से महात्मा फुले को सच्ची श्रद्धांजली दी है। भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से आज महिलाएं निरन्तर आगे बढ रही है। ज्योतिबा फुले को वास्तविक श्रद्धांजलि मोदी जी की सरकार ने नेशनल रिसर्च फाउण्डेशन बनाकर दी है। पूर्व विधायक आनंद शुक्ल ने कहा कि राहुल गांधी लगातार पिछड़ों को अपमानित कर रहे हैं। सम्पूर्ण पिछड़ा समाज एकजुट होकर राहुल गांधी और कांग्रेस की धूर्त मानसिकता को जवाब दें। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि भाजपा का विस्तार उसके कार्यों के कारण हुआ है। गोष्ठी का संचालन महामंत्री राजेश जायसवाल ने किया। गोष्ठी में संयोजक रामबाबू गुप्ता व सह संयोजक अखिलेश रैकवार को सम्मानित किया। गोष्ठी में पंकज अग्रवाल, ब्रजेश पाण्डेय, महेन्द्र कोटार्य, हरिओम करवरिया, अश्विनी अवस्थी, प्रेमलाल बाल्मिकी, राघव अग्रवाल, राजेश्वरी द्विवेदी, मनोज तिवारी, शंकर निषाद, पप्पू पाल, रामेन्द्र गौतम, भागवत त्रिपाठी, राखी चैबे, माया प्रजापति, विनीता द्विवेदी, सुनीता श्रीवास, राकेश कोल, हरिनारयण, श्याम गुप्त, सुशील द्विवेदी, सुखेन जायसवाल, अर्पित जायसवाल, शिवशंकर सिंह, जितेंद्र केशरवानी, गोरेलाल रैकवार, ओम रैकवार कार्यकर्ता व विशिष्ट लोग सहभागी हुये। अध्यक्षता पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष लवलेश निषाद ने की। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य रामरतन प्रजापति की मौजूदगी में समाज में योगदान करने वाले रुकमणी सेवा संस्थान के अतुल रैकवार, रक्तदान करने वाले युवा दम्पत्ति ज्ञान निषाद एवं श्रीमती अनीता निषाद, किसान श्रवण पटेल, विश्वकर्मा समाज एकीकरण अभियान के पुष्पराज विश्वकर्मा, केश शिल्पी दिलीप सविता, कश्यप समाज की डायरेक्ट्री बनाने वाले युवा नेता सुधीर कश्यप को माल्यार्पण कर प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## महात्मा ज्योतिबा फुले का शिक्षा क्षेत्र में रहा है अद्वितीय योगदान: अनुज

### महात्मा फुले की धूमधाम से मनी जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में महान समाज सुधारक विचारक दार्शनिक संपादक एवं लेखक महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर सपाइयों ने माल्यार्पण कर उन्हे याद कर जयंती मनाई। गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि महान समाज सुधारक के जीवन दर्शन का लंबा इतिहास है। महात्मा ज्योतिबा फुले का समाज सुधार एवं शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि महात्मा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर दबे, पिछड़े, शोषित, आदिवासी एवं महिलाओं को न्याय दिलाने का काम किया था। क्रांतिकारी समाज सुधारक ने सैकड़ों स्कूल और विद्यालयों की स्थापना कर दलित-पिछड़ा और शोषित समाज के बच्चों को शिक्षा सुलभ कराई थी। महिलाओं को शिक्षित बनाने को सावित्री बाई फुले को शिक्षिका बनाकर महिलाओं के बीच शिक्षा के कार्य को आगे बढ़ाया।




भाजपा सरकार महात्मा फुले की सोच को मार देना चाहती है। उनके विचारों को नष्ट कर रही है। भाजपा और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब, किसान, मजदूर के बच्चे पढ-लिखकर आगे बढ़े। इसीलिए भाजपा शासनकाल में शिक्षा का लगातार व्यवसायीकरण हो रहा है। शिक्षा महंगी की जा रही है। सरकारी स्कूल और कॉलेज बंद किए जा रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, दलित, पिछड़ा और महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध सरकार की विफलता को दशार्ते हैं। भाजपा जनता का ध्यान भटकाने को समय-समय पर भावनात्मक मुद्दे लाती है, लेकिन अब देश-प्रदेश की जनता भाजपा के साजिश को समझ चुकी है। कमरतोड़ महंगाई पर प्रश्न कर रही है। पढ़े-लिखे नौजवान रोजगार की बात कर रहे हैं। महिलाओं, दलित और पिछड़ा के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था खस्ता हाल है। मुख्यमंत्री योगी के तुगलकी फरमान के बाद भी गांव की सड़क से लेकर शहर की सड़कों और हाईवे तक में गाय और सांड छुट्टा घूम रहे हैं। आम जनता की मौत का कारण बने हुए हैं। भाजपा से जनता जवाब चाहती है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी निकाय चुनाव में सपा कार्यकर्ता लोहिया और अंबेडकर के अनुयाई जिले से भाजपा का सफाया करने जा रहे हैं। प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि महात्मा फुले सच्चे अर्थों में समाज सुधारक रहे। आजीवन निर्बल, असहाय और महिलाओं के लिए कार्य किया। बैठक में सपा नेता मो गुलाब खान, मान सिंह पटेल, रामचंद्र वर्मा, राजकिशोर विश्वकर्मा, गोपीचंद यादव, राम प्रसाद वर्मा, राधेश्याम निषाद, मुन्ना लाल सोनकर, संतोष कोटार्य, मेघराज प्रजापति, लवकुश अग्रहरि, रामनरेश अग्रहरि, मो सलीम, अनूप यादव, देवेंद्र पटेल, साहब लाल द्विवेदी, राम प्रसाद वर्मा, उमाकांत यादव, गौरी शंकर सोनी, निजाम सिद्दीकी, मो रेहान, बब्बू यादव, लवकुश गुप्ता, तीरथ वर्मा, गौतम वर्मा, राज किशोर वर्मा, संतोष कोटार्य, रेमा श्रीवास्तव, उर्मिला निषाद, सीताराम कश्यप, रेहान, अनूप यादव, शेरा यादव, पप्पू मिश्रा, कैलाश बौद्ध आदि मौजूद रहे।

## निहाल जयसवाल का स्पोर्ट्स कोटे से पुलिस विभाग में हुआ चयन

**सुल्तानपुर। युवा**ओं को खेल जगत में हुनर बंद बनाने की अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है, खेल जगत की तरफ युवाओं का रुझान बढ़ रहा है। यही कारण है कि जनपद के दर्जनों युवा अब तक खेल में अपना भविष्य तलास चुके हैं। यह उक्त बातें जिला ओलंपिक संघ बॉक्सिंग के संरक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने हैंडबॉल खिलाड़ी निहाल जयसवाल का उत्तर प्रदेश पुलिस के स्पोर्ट्स कोटे में चयन होने पर शुभकामना बधाई देने के दौरान कही।

हैंडबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी निहाल जायसवाल का जिला ओलंपिक खेल के संरक्षक विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिले के युवा हुनरमंद के साथ-साथ स्थाई व सरकारी नौकरी की तरफ बढ़ रहे हैं। इस दौरान ओलंपिक संघ सचिव वेद प्रकाश उपाध्याय चैंपियन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार खेल की तरफ ज्यादा ध्यान दिया, युवा शिक्षा के साथ साथ खेल की तरफ अग्रसर होकर स्वस्थ मस्तिष्क बौद्धिक विकास कर रहा है अब तक जनपद में तकरीबन दर्जनो युवा खेल कोटे से नौकरी प्राप्त किए हैं।

## न्यूज झरोखा

### तालाब में बोई फसल को करें कुर्क

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील के ताम्रबनी गांव की प्रधान समेत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि लेखपाल की मिलीभगत से तालाब के गाटा संख्या 254 में बोई फसल को कुर्क कर कानूनी कार्यवाही की जाये।

मंगलवार को कर्वी तहसील के ताम्रबनी गांव की प्रधान कमला देवी समेत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि आयुक्त न्यायालय बांदा ने तालाब पर अवैध कब्जे का स्थगन आदेश 31 जनवरी 2013 से अग्रिम तिथि 12 जनवरी 2023 तक के लिए है। गाटा संख्या 254 तालाब के नक्शा व खतौनी तथा आकार पत्र 41 व 45 में दर्ज है। तालाब के भीठे गाटा संख्या 252 व 255 के भीठे खाते में दर्ज हैं। पूर्व जिलाधिकारी ने प्रधान के पत्र में उचित आदेश का अवैध कब्जा तालाब व चारागाह को मुक्त करवाया है। इसके सापेक्ष न्यायालय आयुक्त मंडल बांदा के कुछ लोगों से मिलीभगत कर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। पत्रावली आपके पास तक नहीं आ पाती। तारीख पर तारीख दी जाती है। अवधेश कुमार बनाम गांवसभा के लेखपाल की रिपोर्ट 115 सी के तहत कार्यवाही की गई थी।

ग्रामीणों ने बताया कि अवधेश प्रसाद बनाम गया प्रसाद आदि ने फर्जी वाद दायर कर वर्तमान में तालाब को बो लिया है। उसमें खुदाई को स्टीमेट व बोर्ड लगाया गया था। स्थगन आदेश गांवसभा को न कर व पार्टी भी नहीं बनाया। उच्च न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर कुछ लोगों के सहयोग से तालाब में गेहूं बो लिया। राजस्व की टीम से जांच न कराकर अन्य विभाग से जांच कराकर 145 की कार्यवाही की जाये, ताकि अराजकतत्वों के मनोबल न बढें। उन्होंने गांवसभा के तालाब में बोई फसल को कुर्ककर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### जंगलों में नहीं सुलग रही आग: डीएफओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की खबर से डीएफओ प्रदीप त्रिपाठी ने खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि पाठा क्षेत्र के जंगलों में कहीं भी आग नहीं लगी है।



मंगलवार को डीएफओ प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि जंगलों में आग लगने के प्रति वह खासे संवेदनशील हैं। पाठा के जंगलों में थोडी बहुत आग की घटना हुई थी। ये कहना गलत है कि जंगल आग से सुलग रहे हैं। उन्होंने बताया कि मारकुण्डी वन रेंज द्वितीय क्षेत्र भेडा प्लांटेशन में कहीं आग नहीं लगी है। तीन दिन से रानीपुर जंगल सुलग रहा है, ये बिल्कुल गलत खबर है।

उन्होंने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व में भी कहीं आग नहीं लगी है। अग्निकांड से जंगल को कोई क्षति नहीं हुई है।

### भाजपा-सपा में है दावेदारों की लम्बी फेहरिश्त, चाचा-भतीजे में भीषण सींगपैनाई जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही सबसे ज्यादा भीड भाजपा कार्यालय में दिखती है। भाजपा किसे प्रत्याशी घोषित करती है, ये भविष्य के गर्भ में है। भाजपा व सपा में प्रत्याशियों की लम्बी फेहरिश्त है। भाजपा से टिकट को चाचा/निर्वतमान नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता व भतीजा/व्यापारी नेता शानू गुप्ता आमने-सामने आ गये हैं।

जिले में नगर पालिका समेत तीन नगर पंचायतों में चुनाव 11 मई को होने हैं। नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशियों ने टिकट पाने को पार्टी कार्यालयों में जुगत लगानी शुरू कर दी है। आयोग के निर्देश पर आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन की पुताई शुरू करा दी है। भाजपा-सपा खेमे में प्रत्याशियों की लम्बी लाइन है। कांग्रेस, बसपा व आप के कार्यालयों में भी दावेदार हाजिरी लगा रहे हैं।

भाजपा से निर्वतमान नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता के भतीजे/व्यापारी नेता शानू गुप्ता दोनों ने सींगपैनाई शुरू कर दी है। चाचा पोस्टर लगवा रहे हैं तो भतीजे डीजे से शहर में प्रचार करते देखे जाते हैं। भाजपा में प्रत्याशियों की लम्बी लाइन है। इनमें रामबाबू गुप्ता, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, मुन्ना करवरिया, आनन्द पटेल, निशी सोनी, बृजेन्द्र शुक्ला आदि हैं। सपा में अध्यक्ष पद के दावेदार जागेश्वर यादव, मान सिंह पटेल, पप्पू जायसवाल, सुशील कक्का, उर्मिला निषाद, बवाली उर्फ रामनरेश अग्रहरि शामिल हैं। नगर पंचायत मऊ में दस, मानिकपुर नगर पंचायत में आठ से 15 लोगों ने आवेदन किया है। राजापुर नगर पंचायत से अध्यक्ष पद को भी काफी लोग हैं। अब देखना है कि भाजपा-सपा किसे अपना प्रत्याशी घोषित करती हैं। चुनाव आयोग के अनुसार नामांकन 17 से 24 अप्रैल से दाखिल होंगे। 25 को नामांकन पत्रों की जांच, 27 को नाम वापसी, 28 को चुनाव चिन्ह आवंटन व 11 मई को मतदान होंगे।

### चाचा गिना रहे पांच साल के काम तो शानू गिना रहे कोराना काल के कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका के निर्वतमान अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता जहां अपने पांच साल के भारी भरकम विकास कार्यों को गिना रहे हैं, वहीं उनके भतीजे/व्यापारी नेता शानू गुप्ता भी कोरोना काल संकट काल में हजारों जरूरतमन्दों की मदद करने की बात कह रहे हैं। अपनी जान की परवाह न करते हुए उन्होंने लोगों को भोजन, दवा, मास्क, आक्सीजन, एम्बुलेंस के साथ आर्थिक मदद की है। बीस वर्षों से मलिन बस्तियों के हजारों बच्चों को लेखन सामग्री एवं होली, दीपावली व गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, मकर संक्रान्ति पर्वों में गरीबों के बच्चों को प्रोत्साहित किया है। लोगों के दुख-सुख में हमेशा खडा होना उनकी दिनचर्या में शामिल है। गरीब कन्याओं के विवाह में मदद कर व्यापारियों और गरीबों की चिन्ता उनकी आदत में शुमार है। समाज सेवा के माध्यम से शानू गुप्ता को नगर पालिका चुनाव में हर वर्ग का भारी समर्थन मिल रहा है।



# विदेश संदेश

## ड्रोन्स के जरिए अवैध हथियारों की सप्लाई की चुनौती का सामना कर रहा भारत, बैठक में भारत ने PAK को घेरा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान पर बिना नाम लिए जमकर हमला बोला। यूएन में अवैध हथियारों और सैन्य उपकरणों के लेनदेन की रोकथाम को लेकर जारी बहस में उन्होंने सीधे तौर पर पाकिस्तान को घेर लिया। कंबोज ने कहा कि भारत बॉर्डर पार से ड्रोन्स के जरिए हथियारों की अवैध सप्लाई की चुनौती का सामना कर रहा है।




यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, 'कुछ देश, जो अवैध हथियारों के अप्रसार की साथ लिए हुए हैं और आतंकवादियों के साथ गठबंधन किए हैं, उन्हें इन गलत हरकतों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।' कंबोज ने कहा कि हथियारों और सैन्य उपकरणों का अवैध तौर पर निर्यात अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है, जिससे भू-राजनीतिक तनाव भी पनप सकता है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## पाकिस्तानी अखबारों से: इलेक्शन फंड जारी करने पर रस्साकशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से सोमवार को प्रकाशित अधिकांश समाचार पत्रों ने इलेक्शन फंड के मामले पर जारी रस्साकशी की खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की हैं। प्रधानमंत्री शहबाज के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक दो घंटे की माथ-पच्ची के साथ खत्म हुई। बैठक में वित्त मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वह विधि मंत्रालय की सलाह से इलेक्शन कमीशन को फंड उपलब्ध कराने के मामले पर पार्लियामेंट से मार्ग-दर्शन हासिल करने के लिए योजना तैयार करे और आज काबीना में पेश करे। गौरतलब है कि इलेक्शन के लिए 21 अरब डॉलर के फंड्स जारी नहीं हो सके, डेड-लाइन का आज अंतिम दिन है।

काबीना की बैठक में इलेक्शन शेड्यूल पर भी मंथन हुई। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का 4-3 का फैसला 3-2 से कैसे मान लें। पार्लियामेंट से पारित बिल वापस भिजवाना दुखद है। राष्ट्रपति को कानून की रक्षा करनी चाहिए। बैठक में संसद की सर्वोच्चता बहाल रखने पर बल दिया गया। संसद की संयुक्त बैठक और मंत्रिमंडल की बैठक भी आज फिर से बुलाई गई है। अखबारों ने सुप्रीम कोर्ट के जजों में व्याप्त असहमति को खत्म करने के लिए चीफ जस्टिस उमर अता बिंदयाल के जरिए बातचीत का सिलसिला शुरू किए जाने की खबरें दी हैं। चीफ जस्टिस अपने साथी जजों के साथ अलग-अलग मुलाकातें कर रहे हैं। अखबारों ने अमेरिकी कांग्रेस के रिपब्लिकन सदस्य के जरिए पाकिस्तान पर लोकतंत्र की स्वतंत्रता के लिए दबाव डाले जाने की खबरें भी दी हैं।

तोशाखाना केस में इमरान खान के आज अदालत में पेश होने की खबरें भी समाचार पत्रों में छपी हैं। अखबारों ने गृह मंत्री राना सनाउल्लाह का एक बयान छापा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जनता ने दोबारा धोखा खाया तो लंबी सजा मिलेगी। झूठे इमरान खान को थोपा गया। इमरान खान ने आईएमएफ के साथ कड़ी शर्तों पर समझौता किया। 4 साल में एक सड़क भी नहीं बनाई। अखबारों ने चीनी के भंडार करने वालों के खिलाफ क्रैकडाउन की खबरें देते हुए बताया कि अफगानिस्तान तस्करी की भी जांच की जा रही है।

## तिब्बत दुनिया का सबसे कम आजाद देश, हर हरकत पर चीन का पहरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संस्था फ्रीडम हाउस की वर्ल्ड फ्रीडम इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत दुनिया का सबसे कम आजाद मुल्क है। यहां के नागरिकों पर चीनी सुरक्षाबलों का सख्त पहरा है। बीते माह नौ मार्च को जारी हुई इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तिब्बत इस सूची में लगातार तीसरे वर्ष दक्षिणी सूडान और सीरिया के साथ सबसे निचले पायदान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत में रहने वाले लोगों को बुनियादी मानवाधिकार भी नहीं मिले हुए हैं। इससे पहले छह मार्च को संयुक्त राष्ट की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति ने तीसरी आवधिक समीक्षा रिपोर्ट में तिब्बत में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का मुद्दा उठाया था। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) तिब्बत के पूर्ण चीनीकरण के लिए यहां बलपूर्वक बौद्ध धर्म और संस्कृति को नष्ट कर रही है। बच्चों को बौद्ध शिक्षाओं से पूरी तरह वंचित कर दिया गया है। इसके अलावा स्कूली शिक्षा के जरिये बच्चों में बौद्ध धर्म व संस्कृति के खिलाफ नफरत पैदा की जा रही है।

## रूस में फटा ज्वालामुखी, दस किलोमीटर ऊंचाई तक नजर आया राख का गुबार

**मॉस्को।** रूस के कामचाटका प्रायद्वीप में शिवलुच ज्वालामुखी फट गया है। ज्वालामुखी फटने से दस किलोमीटर ऊंचाई तक राख का गुबार नजर आया। इसे हवाई यातायात के लिए खतरा बताकर चेतावनी जारी की गई है।

ज्वालामुखी फटने के बाद कामचाटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया टीम सक्रिय हो गई है। टीम ने उड्डयन विभाग को चेतावनी जारी की है। अंदेशा जताया गया है कि इस ज्वालामुखी में अभी 15 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्फोट कभी भी हो सकता है। इससे कम ऊंचाई पर उड़ान वाली विमान सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां भी प्रभावित हो सकती हैं।

पूरे क्षेत्र में एहतियात के उपाय शुरू हो गए हैं। आसपास के स्कूलों को बंद करा दिया गया है। लोगों को अपने घरों में रहने के



आदेश दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि ज्वालामुखी फटने के बाद धुआं 70 किलोमीटर दूर क्लाईची और कोजीरेवस्क के क्षेत्रों तक फैल गया है। इसलिए लोगों को अनावश्यक यात्रा करने से बचने को कहा गया है।

दरअसल धरती पर कई ज्वालामुखी मौजद हैं। इनकी गिनती भी नहीं की जा सकती है। इनमें से शिवलुच ज्वालामुखी 10,771 फीट ऊंचा है। यह कामचाटका प्रायद्वीप का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है। पिछले 10 हजार साल में 60 बार भयानक विस्फोट कर चुका है। अब तक का सबसे बड़ा विस्फोट साल 2007 में हुआ था।

## महिलाओं पर और कड़ी पाबंदियां, अब गार्डन और हरी-भरी लोकेशन वाले रेस्तरां जाने पर रोक

**काबुल।** तालिबान औरतों पर एक के बाद एक कड़ी पाबंदियां लगा रहा है। जहां एक ओर महिलाएं अपने हक के लिए आवाज उठा रही हैं। वहीं दूसरी ओर, तालिबान उनकी स्वतंत्रता को छीन रहा है। ऐसे में उसने एक और फैसला सुनाया है कि अफगानिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हेरात प्रांत में परिवारों और महिलाओं का बगीचों या हरे-भरे स्थानों वाले रेस्तरां में जाना प्रतिबंधित रहेगा।

एक अधिकारी ने कहा कि तालिबान ने यह फैसला धार्मिक विद्वानों और लोगों की शिकायत के बाद लिया है। उनका कहना है ऐसी जगह पर पुरुषों और महिलाओं के साथ-साथ बैठने की शिकायत मिल रही थी।

**नई-नई पाबंदियां**

साल 2021 में सत्ता संभालने के बाद से ही तालिबान लड़कियों और महिलाओं पर लगातार पाबंदियां लगा रहा है। उसने पहले बच्चियों और महिलाओं की पढ़ाई पर नियम लागू किए। बाद में उनके संयुक्त



राष्ट्र में नौकरी करने सहित कई रोजगार पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं अफगानिस्तान में महिलाओं का पार्क और जिम जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी जाना प्रतिबंधित है। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं और पुरुषों के साथ-साथ बैठने और कथित तौर पर हिजाब सही ढंग से नहीं पहनने के कारण यह प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध केवल हेरात में महिलाओं के लिए लागू है, जबकि ऐसे परिसर पुरुषों के लिए खुले रहेंगे।

हेरात में सदाचार निदेशालय के एक उप अधिकारी बाज मोहम्मद नजीर ने मीडिया रिपोर्ट का खंडन किया है, जिसमें यह कहा जा रहा है कि महिलाओं को सभी रेस्तरां में जाने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि यह प्रतिबंध सभी रेस्तरां पर नहीं लगाया गया है। यह केवल पार्क जैसे हरे क्षेत्रों वाले रेस्तरां पर लागू होता है, जहां पुरुष और महिलाएं मिल सकते हैं।

## अमेरिका में बोलीं भारतीय वित्तमंत्री, पाकिस्तान में सताए जा रहे अल्पसंख्यक

**वाशिंगटन।** भारत की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत में अल्पसंख्यक लगातार प्रगति कर रहे हैं, मगर पाकिस्तान में सताए जा रहे हैं। अमेरिका के वाशिंगटन स्थित अमेरिकी थिंक टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स (पीआईआईई) के मंच पर संवाद करते हुए उन्होंने पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून के दुरुपयोग पर भी सवाल उठाए।

पीआईआईई के अध्यक्ष एडम पोसेन ने पश्चिमी मीडिया में भारत में अल्पसंख्यकों के हिंसा का शिकार होने जैसे मसले उठाए जाने पर सवाल पूछा तो निर्मला सीतारमण ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है और यह आबादी संख्या में अब भी बढ़ रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह भारत के बारे में इस मायने में कहना सही होगा जब मुस्लिम आबादी 1947 की तुलना में बढ़ रही है? वहीं पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की हालत बद से बदतर होती जा रही है और उनकी संख्या दिन पर दिन घटती जा रही




है। यहां तक कि कुछ मुस्लिम वर्गों की संख्या भी पाकिस्तान में कम हुई है। उन्होंने कहा, वहीं भारत में हर वर्ग के मुस्लिम अपना व्यापार कर रहे हैं, उनके बच्चे शिक्षा पा रहे हैं और उन्हें फेलोशिप दी जा रही है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर मामूली आरोप लगाए जाते हैं, जिसके लिए मौत की सजा जैसी सजा दी जाती है। पाक में ईशनिंदा कानून का ज्यादातर मामलों में व्यक्तिगत प्रतिशोध को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाता है। पीड़ितों को तुरंत दोषी मान लिया जाता है, यहां तक कि उचित जांच और एक जूरी के तहत परीक्षण आयोजित किए बिना। भारत में निवेश या पूंजी प्रवाह को प्रभावित करने वाली धारणाओं पर उन्होंने कहा कि इसका उत्तर उन निवेशकों के पास है जो भारत आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल मुक्त व्यापार समझौते तेजी से हो रहे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ अभी समझौता किया है। इससे पहले भारत ने यूएई, मॉरिशस और आसियान देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौता किया था। साथ ही भारत कम विकसित देशों के साथ कोटा मुक्त और टैरिफ मुक्त व्यापार को भी बढ़ा रहा है। इसके अलावा भारत और इंग्लैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत हो रही है।

## प्रधान न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती संबंधी विधेयक को पाकिस्तानी संसद की मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती संबंधी एक अहम विधेयक को संसद के संयुक्त सत्र में मंजूरी प्रदान कर दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कड़े विरोध के बीच इस विधेयक को मंजूरी मिली। इस विधेयक के प्रावधानों में मामलों का स्वतः संज्ञान लेने एवं पीठों के गठन के प्रधान न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती शामिल हैं।

संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली ने एक ट्वीट में घोषणा की कि संसद ने अपने संयुक्त सत्र में उच्चतम न्यायालय (चलन एवं प्रकिया) विधेयक 2023 को पारित कर दिया। इससे दो दिन पहले राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित एक विधेयक को पुनर्विचार के लिए लौटा दिया था और कहा था कि प्रस्तावित कानून विधायी निकाय के अधिकार क्षेत्र से परे है। कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने संसद की संयुक्त बैठक में विधेयक पेश किया। इस



बैठक की अध्यक्षता नेशनल असेंबली के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने की।

इस बैठक में, सदन ने विधेयक में एक संशोधन को मंजूरी दे दी जिसके तहत स्वतः संज्ञान से जुड़े मामले के संबंध में नियमों को तैयार करने के लिए न्यायाधीशों की एक समिति की बैठक बुलाई जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार इस संशोधन का प्रस्ताव सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक सांसद ने किया।

कानून मंत्री ने संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतः संज्ञान संबंधी प्रधान न्यायाधीश की शक्तियों के खिलाफ सर्वोच्च अदालत के भीतर से ही आवाज उठ रही थी। पाकिस्तानी संविधान के अनुसार, अगर राष्ट्रपति द्वारा लौटाए गए विधेयक को संसद द्वारा पारित कर दिया जाता है, तो इसे फिर राष्ट्रपति के पास भेजा जाना चाहिए। अगर विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं भी मिलती है तो यह दस दिनों के बाद कानून बन जाएगा।

## बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में चार लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक व्यस्त बाजार में पुलिस के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी।

जानकारी के अनुसार यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा के शहराह-ए-इकबाल क्षेत्र के कंधारी बाजार के पास खड़े पुलिस के एक वाहन के पास हुई। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन पूर्व में ऐसे हमलों के लिए बलूच विद्रोहियों और इस्लामी आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

पुलिस अधीक्षरक हमीद कंबरानी ने कहा, पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया और बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि विस्फोट से इलाके में दुकानों के बाहर खड़े कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। एसएसपी (अभियान) कैप्टन (सेवानिवृत्त) ज़ोहैब मोहसिन ने कहा, विस्फोटक एक मोटरसाइकिल में लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि घायलों में कई पुलिस कर्मियों से घिरे पुलिस के एक क्षतिग्रस्त वाहन को दिखाया गया है। कई एंबुलेंस को भी विस्फोट स्थल से जाते हुए देखा गया। पाकिस्तान के

*पुलिस अधीक्षरक हमीद कंबरानी ने कहा, पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया और बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि विस्फोट से इलाके में दुकानों के बाहर खड़े कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।*

महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इस विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। मोहसिन ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए तुरंत सिविल अस्पताल क्वेटा ले जाया गया। सिविल डिफेंस के निदेशक रफू मंडोखैल ने बताया कि विस्फोट के लिए तीन से चार किलोग्राम विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल किया गया। विस्फोटक सामग्री एक मोटरसाइकिल में लगाई गई थी। टेलीविजन फुटेज में कई पुलिस कर्मियों से घिरे पुलिस के एक क्षतिग्रस्त वाहन को दिखाया गया है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बलूचिस्तान की राजधानी में हुए विस्फोट की निंदा की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि ईद के त्योहार के कारण क्वेटा के सभी प्रमुख बाजारों और शॉपिंग मॉल में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी लेकिन इस मामले में निशाना पुलिस थी। शहर के कुचलिक इलाके में रविवार को सशस्त्र व्यक्तियों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और एक घायल हो गया था।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के उत्तरी आयरलैंड दौरे से पहले भड़की हिंसा, नकाबपोश ने पुलिस वाहनों पर किया हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की उत्तरी आयरलैंड के यात्रा से एक दिन पहले, लंदनडेरी में हिंसा भड़क उठी। दरअसल, कुछ नकाबपोश लोगों ने पुलिस की वाहन पर पेट्रोल बमों और अन्य वस्तुओं से हमला किया। यह हिंसा गुड फ्राइडे शांति समझौते का विरोध करने वाली परेड के दौरान हुआ।

बाइडन मंगलवार को बेलफास्ट पहुंचेंगे और अगले तीन दिनों के लिए आयरलैंड जाने से पहले बुधवार को बेलफास्ट विश्वविद्यालय में भाषण देंगे। बाइडन उत्तरी आयरलैंड पहुंचेंगे। उनकी यह चार दिवसीय यात्रा गुड फ्राइडे समझौते की 25वीं वर्षगांठ के



साथ होगी। व्हाइट हाउस ने पिछले हफ्ते ही इस बात की पुष्टि की थी। डेरी शहर और स्ट्राबेन क्षेत्र के मुख्य अधीक्षक कमांडर निगेल गोडार्ड ने बताया कि जो भी हुआ और जो भी नजारें यहां देखने को मिला वह वाकई में बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा- हमारे अफसरों के ऊपर होने वाला यह एक मूर्खता और लापरवाही वाला हमला था। उन्होंने बताया कि पुलिस को सबूत और फुटेज मिल चुका है, जिसकी आतंकवाद अधिनियम 2000 के तहत संभावित अपराधों की जांच के हिस्से के रूप में समीक्षा की जाएगी बाइडन मंगलवार को बेलफास्ट पहुंचेंगे और अगले तीन दिनों के लिए आयरलैंड जाने से पहले बुधवार को बेलफास्ट विश्वविद्यालय में भाषण देंगे।यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब उत्तरी आयरलैंड में तीन दशकों के सांप्रदायिक रक्तपात को समाप्त करने वाले गुड फ्राइडे समझौते पर हस्ताक्षर के 25 साल पूरे हो गए हैं।व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि यूएस के राष्ट्रपति जो बाइडन काफी समय' के लिए आयरलैंड द्वीप का दौरा करने को लेकर 'बहुत उत्साहित' हैं। उनके उत्तरी आयरलैंड पहुंचने पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपने स्थानीय राजनेताओं से मिलने के साथ राष्ट्रपति बिडेन का स्वागत करेंगे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## अमेरिका में खत्म हुआ कोरोना की वजह से लगा राष्ट्रीय आपातकाल, तीन साल पहले ट्रंप शासन में हुआ था लागू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने देश में लागू कोविड पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी और नेशनल इमरजेंसी को खत्म करने का एलान किया है। बाइडन प्रशासन ने इसी साल जनवरी में एलान किया था कि वह कोरोना महामारी के हालात और मामलों की समीक्षा करने के बाद 11 मई से देश में राष्ट्रीय आपातकाल खत्म कर देगा। हालांकि, इससे एक महीने पहले ही राष्ट्रपति ने इमरजेंसी हटाने का एलान कर दिया। अमेरिका में यह आपातकाल पिछले तीन वर्षों से लागू था। इसे कोरोनावायरस संक्रमण के केस मिलने के बाद जनवरी 2020 में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से लागू किया गया था।

**राष्ट्रपति जो बाइडन ने किए प्रस्ताव पर हस्ताक्षर**

व्हाइट हाउस की प्रेस रिलीज



में कहा गया कि 10 अप्रैल 2023 को राष्ट्रपति बाइडन ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया, जिससे कोरोनावायरस महामारी के मद्देनजर लगाए गए राष्ट्रीय आपातकाल को खत्म किया जा रहा है। जिस प्रस्ताव पर बाइडन ने हस्ताक्षर किया है, उसे हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सांसद पल गोसर की ओर से पेश किया गया था और सदन में इसके पक्ष में 229 वोट पड़े थे, जबकि खिलाफ में 197 वोट होने की वजह से इसे पास कर दिया गया था। सीनेट में भी इस प्रस्ताव को 68-23 के अंतर से पास करा लिया गया था। बाइडन की ओर से नए प्रस्ताव पर हस्ताक्षर के बाद अब जो कानून लागू हुआ है, उसके तहत अमेरिका में राष्ट्रीय आपातकाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य इमरजेंसी भी खत्म हो गई है। हालांकि, इसका अमेरिका की आव्रजन नीति और छात्रों के कर्ज को खत्म करने की योजना पर क्या असर पड़ेगा, इसकी जानकारी अभी साफ नहीं है।

**हर 90 दिन में बढ़ाया जा रहा था राष्ट्रीय आपातकाल**

बता दें कि अमेरिका में कोविड इमरजेंसी लागू होने के बाद हर 90 दिनों पर उसे बढ़ाया जा रहा था। इस तरह जैसे अमेरिका में कोरोना के नए वैरिएंट का असर दिख रहा था, वैसे ही हेल्थ इमरजेंसी को विस्तार दिया जा रहा था। अब जब अमेरिका में कोविड के हालात सामान्य हैं और स्थिति नियंत्रण में है तो अमेरिका सरकार ने इमरजेंसी खत्म करने का फैसला किया है।

सरकार ने जनवरी में इमरजेंसी को तीन महीने बाद खत्म करने के पीछे का तर्क बताते हुए कहा था कि इससे अस्पतालों को समय मिल जाएगा कि वह अपने पेमेंट्स आदि को क्लीयर कर लें। बयान में कहा गया है कि अगर तुरंत इमरजेंसी खत्म कर दी जाती तो इससे कई अस्पतालों को नुकसान उठाना पड़ता। हालांकि, अस्पतालों की सुधरती स्थिति और कोरोना केसों की समीक्षा के बाद बाइडन प्रशासन ने इस आपातकाल को एक महीने पहले अप्रैल में ही खत्म कर लिया।

**कोरोना वैक्सीन को निजी सेक्टर को सौंपने की तैयारी**

व्हाइट हाउस अब अमेरिका में कोरोना वैक्सीन को निजी सेक्टर को सौंपने की तैयारी कर रहा है। अभी तक वैक्सीन का खर्च सरकार द्वारा उठाया जा रहा था लेकिन अब मॉडर्ना और फाइजर जैसी वैक्सीन के लिए लोगों को 130 डॉलर प्रति वैक्सीन की दर से खर्च करने पड़ सकते हैं।

## आयकर विभाग ने 2023-24 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक अधिसूचित किया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) अधिसूचित किया है। करदाता इस सूचकांक का उपयोग अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों, शेयर्स और आभूषणों की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए करते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से मंगलवार को




जारी अधिसूचना के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 और आकलन वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक 348 तय किया गया है। वित्त वर्ष 2022-23 और आकलन वर्ष 2023-24 में 331 था, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में लागत मुद्रास्फीति सूचकांक 317 तय किया गया था। आयकर एक्सपर्ट अमित रंजन ने बताया कि सामान्य तौर पर सीबीडीटी लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (कॉस्ट ऑफ इंफ्लेशन इंडेक्स) को जून के महीने में अधिसूचित करता है, लेकिन सीबीडीटी ने इस साल सीआईआई तीन महीने पहले ही अधिसूचित कर दिया है। इससे अब करदाता वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में पूंजीगत लाभ पर कर की सटीक गणना करके अग्रिम टैक्स का भुगतान कर सकेंगे।